

रांची, रविवार, 4 मई 2025

संवत 2082, वैशाख शुक्ल 7 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 239 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक




4 ▶▶ करियर में चाहिए सफलता तो इन बातों का रखें ध्यान

संजोग का शूट खत्म होते ही नेहा शर्मा ने फैंस से पूछा दिलचस्प सवाल ◀◀ 6

### लातेहार में नक्सलियों का उत्पात

# सीएमपीडीआई की साइट पर हमलाकर 8 गाड़ियों में लगाई आग

**संवाददाता**



**लातेहार:** शनिवार रात चंदवा थाना क्षेत्र के तोरीसोत गांव में नक्सलियों का उत्पात एक बार फिर से देखने को मिला । खनिज सर्वे करने वाली कंपनी सीएमपीडीआई के साइट पर हमला कर दो ड्रिलिंग मशीन सहित आठ मशीनों में नक्सलियों ने आग लगा दी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच शुरू की। हालांकि इस घटना में सभी वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए। पुलिस की टीम ने पूरे इलाके को सील कर छापेमारी शुरू कर दी है। हालांकि घटना को अंजाम किस संगठन ने दिया है? इसकी स्पष्ट सूचना नहीं है। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस प्रकार से घटा को अंजाम दिया गया है यह माओवादी संगठन का हाथ हो सकता है। फिलहाल पुलिस द्वारा भी इस संबंध में कुछ विशेष जानकारी नहीं दी गई है।

कंपनी द्वारा क्षेत्र में कोयला का सर्वे किया जा रहा था। इसी बीच शनिवार देर रात हथियारबंद नक्सली साइड पर पहुंचे और वहां फायरिंग करते हुए गाड़ियों में आग लगा दी। नक्सलियों ने यहां दो ड्रिलिंग मशीन, दो कार, दो पिकअप तथा दो ट्रक में आग लगा दी गई। लगभग एक घंटे तक हंगामा करने के बाद नक्सली वहां से चले गए। यह इलाका लातेहार-चतरा और रांची का बॉर्डर है। सुदूर इलाका होने के कारण इस इलाके में नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना मिलते रहती है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से यह इलाका पूरी तरह शांत था लेकिन नक्सलियों ने एक बार फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया है।

# शिरडी के साईं बाबा मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप, बढ़ाई गई सुरक्षा



**मुंबई :** देश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में शामिल शिरडी के साईं बाबा मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की खबर सामने आई है। यह धमकी ईमेल के जरिए मंदिर ट्रस्ट को भेजी गई है। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल और बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर मंदिर परिसर की गहन तलाशी ली, हालांकि किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। घटना महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित शिरडी मंदिर की है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ईमेल भेजने वाले अज्ञात आरोपी ने स्पष्ट शब्दों में मंदिर को बम से उड़ाने की बात कही थी, जिसके बाद प्रशासन अलर्ट हो गया। मंदिर ट्रस्ट के सीईओ गोरक्ष गाडिलकर ने बताया कि ट्रस्ट की सुरक्षा टीम ने तत्काल पुलिस के साथ समन्वय किया और पूरे परिसर की तलाशी ली गई। फिलहाल मंदिर में कोई खतरा नहीं मिला है लेकिन फिर भी एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। पुलिस साइबर क्राइम यूनिट की मदद से ईमेल भेजने वाले की पहचान में जुटी है।

## पत्नी की हत्या कर दफनाया शव

**धनबाद:** जिले में पति द्वारा पत्नी की हत्या करके शव को दफनाने का मामला सामने आया है। यह घटना राजगंज थाना क्षेत्र के कानाटांड़ की है। जहां रहने वाले मनबोध पंडित ने पहले पत्नी का गला दबाकर उसकी हत्या की और फिर शव को घर से आधा किमी दूर सुनसान जगह पर दफन दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी पति पुलिस की गिरफ्त में है।

इस मामले का खुलासा तब हुआ जब पति मनबोध पंडित ने पत्नी के मायके वालों को फोन पर महिला द्वारा सुसाइड करने की जानकारी दी। लेकिन मायके वालों पर इस बात पर यकीन नहीं हुआ। महिला के परिजनों ने इस बात की पुष्टि करने के लिए इसकी जानकारी बगदाहा पंचायत के मुखिया बाबूलाल महतो और पंचायत समिति सदस्य धनंजय महतो को दी। इसके बाद मामले की ये जानकारी पुलिस को दी गई।

आरोपी पति मनबोध पंडित से जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने सारा राज उगल दिया। फिर वह पुलिस को उस जगह लेकर गया जहां उसने पत्नी की हत्या करके उसके शव को दफनाया था। फिर शनिवार रात मजिस्ट्रेट रविन्द्र ठाकुर की उपस्थिति में थाना प्रभारी अलीशा कुमारी के निर्देश पर पुलिस ने मृतक महिला का शव बाहर निकलवाया।

घटना के बाद परिजनों का बुरा हाल है। चाचा ईश्वर प्रजापति ने बताया कि लक्ष्मी के माता पिता का निधन हो चुका है। 7 साल पहले बोकारो के नर्रा गांव के रहने वाले स्वः उत्तम पंडित की बेटी लक्ष्मी के साथ मनबोध का विवाह हुआ था। पांच बहनों में यह दूसरे नंबर की थी जबकि इसकी तीन बहनों की शादी नहीं हुई है। मृतक के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि मन बोध पहले भी लक्ष्मी को प्रताड़ित करता था। जिसे लेकर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। वहीं मृतका की बहन नेहा सिंह राजावत ने बताया कि मनबोध के द्वारा मेरी बहन लक्ष्मी के साथ मारपीट करता था। बहन का आरोप लगाया कि उसने मेरी बहन की गला दबाकर हत्या की है, उसके बाद उसे जमीन में दफन कर दिया।

# पद्मश्री योग गुरु बाबा शिवानंद का निधन, 128 साल की आयु में वाराणसी में ली आखिरी सांस



**वाराणसी :** पद्मश्री से सम्मानित 128 वर्षीय योगगुरु बाबा शिवानंद का शनिवार रात 8:45 बजे निधन हो गया। वे पिछले तीन दिनों से सांस लेने में तकलीफ के चलते बनारस हिंदू विश्वविद्यालय अस्पताल में भर्ती थे। बाबा शिवानंद सादगी, योग और ब्रह्मचर्य से परिपूर्ण जीवन जीते थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी योग साधना के कायल थे। 21 मार्च 2022 को उन्हें देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से नवाजा गया था। वे यह सम्मान पाने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बने थे। उनका जन्म 8 अगस्त 1896 को वर्तमान बांग्लादेश के श्रीहट्टी में हुआ था। भीख मांगने वाले ब्राह्मण परिवार में जन्मे शिवानंद को 4 साल की उम्र में उनके माता-पिता ने आध्यात्मिक गुरु बाबा ओंकारानंद गोस्वामी को सौंप दिया। 6 साल की उम्र में परिवार की भूख से मौत के बाद वे आध्यात्मिक पथ पर अग्रसर हुए और आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन करते रहे।

बाबा भेलूपुर, दुगार्कुंड स्थित कबीर नगर आश्रम में रहते थे। वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## रूस में बैठकर पाकिस्तान के राजदूत ने खुलेआम भारत को दी परमाणु हमले की धमकी

**नई दिल्ली:** पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति है। इस बीच, पाकिस्तान के राजदूत ने रूस में भारत को खुलेआम परमाणु हमले की धमकी दी है। मुहम्मद खालिद जमाली ने कहा कि अगर नई दिल्ली पड़ोसी देश पर हमला करता है तो इस्लामाबाद परमाणु हथियारों सहित अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा।

आरटी के साथ एक साक्षात्कार में राजदूत मुहम्मद खालिद जमाली ने दावा किया कि कुछ लीक हुए दस्तावेजों से पता चला है कि भारत पाकिस्तान के कुछ इलाकों पर हमला करेगा और संघर्ष आसन्न है। उन्होंने कहा, 'भारत के उन्मादी मीडिया और उस तरफ से आने वाले गैरजिम्मेदाराना बयानों ने हमें मजबूर कर दिया है। कुछ अन्य लीक हुए दस्तावेज हैं, जिनके अनुसार पाकिस्तान के कुछ इलाकों पर हमला करने का फैसला किया गया है। इसलिए, इससे हमें लगता है कि ऐसा होने वाला है और यह आसन्न है।'

जमाली ने कहा, 'जब भारत और पाकिस्तान की बात आती है, तो हम संख्यात्मक ताकत की इस बहस में शामिल नहीं होना चाहते। हम अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेंगे - पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह की ताकत।' उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान के लोगों द्वारा समर्थित सशस्त्र बल पूरी ताकत के साथ जवाब देंगे।

इससे पहले, पाकिस्तान के मंत्री हनीफ अब्बासी ने खुले तौर पर भारत को परमाणु जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान के शस्त्रागार, जिसमें घोरी, शाहीन और गजनवी मिसाइलों के साथ-साथ 130 परमाणु हथियार शामिल हैं, को केवल भारत के लिए रखा गया है।

## ईंट भट्ठा संचालक की पीट पीटकर हत्या ,दहशत



**संवाददाता**

**बोकारो:** जिले के पिंड्राजोड़ा थाना अंतर्गत बहादुरपुर के मान टांड़ में एक व्यक्ति की गला दबाकर और पीट-पीट कर हत्या करने का गंभीर मामला सामने आया है। सुमित कुमार स्थानीय ईंट भट्ठा का संचालन करता था। ग्रामीणों का कहना है कि बीती रात सुमित अपने घर में सो रहा था, तभी कुछ अज्ञात लोग उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान ही सुमित कुमार की मौके पर मौत हो गई है।

घटना के बाद मृतक सुमित कुमार के परिजन शिबू महतो ने इस घटना के संबंध में बताया कि जब वह सो रहा था, तभी अचानक घर से आवाजें आई। आवाज सुनकर सुमित के परिजन जब कमरे से बाहर आकर देखा तो सुमित के साथ दो लोग मारपीट कर रहे थे। सुमित के परिजन ने यह भी बताया कि घर के बाहर दो अन्य लोग खड़े थे, उन लोगों के द्वारा सुमित का बचाव का प्रयास कर रहा था। इस दौरान उन दो लोगों को भी लात-घूसों से मारा गया।

घटना के बाद पिंड्राजोड़ा पुलिस को सूचना दी गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। हालांकि इस हादसे से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। मामले को लेकर पिंड्राजोड़ा थाना के प्रभारी विवेक कुमार पांडेय ने बताया कि हत्या की सूचना पर पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है। अपराधियों की पहचान में पुलिस जुटी हुई है।


फोन नंबर जो जिंदगियां बदल देती हैं।

नि:शुल्क एवं आपातकानील 24x7 सेवा

चाइल्ड हेल्प लाइन

बेघर, बेसहारा, गुमशुदा, बाल मजदूरी, मुसीबत में फंसे बच्चों की मदद के लिए

डायल करें :-

दस... नौ... आठ...

1098




कौन मदद ले सकता है

- बेघर, बेसहारा, बीमार, गुमशुदा बच्चे।
- बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह आदि से पीड़ित बच्चें।
- उत्पीड़न, शोषण, दुर्व्यवहार से पीड़ित बच्चें।
- देखरेख की आवश्यकता वाला कोई बच्चा।
- आपातकालीन सेवा का जरूरतमंद सभी बच्चा।

PR- 351613 (Women Child Developmetn & Social Security) 25-26

सभी आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए फोन नंबर (ERSS) - 112

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग

(झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था)

दूरभाष संख्या-0651-2446174, ईमेल-jharkhandiscds2020@gmail.com

न्यूज ब्रीफ



## अरगड्डा में जल शोधन संयंत्र शुरू

**रांची:** अरगड्डा क्षेत्र का पुराना जल शोधन संयंत्र अब नई ऊर्जा और तकनीकी मजबूती के साथ फिर से सक्रिय हो गया है। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के नेतृत्व में इस संयंत्र का व्यापक नवीनीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है। 1.0 मिलियन गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) की क्षमता वाला यह संयंत्र 1992 में चालू किया गया था और तब से पहली बार इसका इतने व्यापक स्तर पर पुनरुद्धार हुआ है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना का नेतृत्व सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एनके. सिंह और निदेशक (मानव संसाधन) एचएन. मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ।

संयंत्र के नवीनीकरण की ज़िम्मेदारी प्रतिष्ठित सार्वजनिक उपक्रम मेकॉन को सौंपी गई, जिसने पुराने और क्षतिग्रस्त फिल्टर बेड, एरेटर, क्लैरिफ्लोक्युलेटर और पंपों का कायाकल्प किया। इसके साथ ही जल प्रवाह और शुद्धिकरण प्रणाली को नए सिरे से डिजाइन किया गया ताकि संयंत्र अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य कर सके। इस अवसर पर महाप्रबंधक (असैनिक/कल्याण एवं सेवाएं) राजेश मोहन एवं बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि एवं कल्याण बोर्ड के सदस्य उपस्थित थे। महाप्रबंधक (असैनिक/कल्याण एवं सेवाएं) राजेश मोहन ने मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि, सीसीएल न केवल शुद्ध पेयजल के आपूर्ति हेतु प्रतिबद्ध है, बल्कि वितरण तंत्र–विशेषकर पाइपलाइनों–की हालत को सुधारने के लिए भी कार्य कर रही है। हमारा उद्देश्य है कि नल तक स्वच्छ और निरंतर जल पहुंचे।

## सीसीएल और पीवीयूएनएल के बीच फ्लाई ऐश उपयोग हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



**रांची:** सीसीएल और पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य है–खनन के बाद के खाली क्षेत्रों में फ्लाई ऐश के सतत उपयोग को बढ़ावा देना।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर सीसीएल के एनके क्षेत्र के महाप्रबंधक और पीवीयूएनएल की पतरातू सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के महाप्रबंधक (संचालन) द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी ,निदेशक (परियोजना एवं योजना) शंकर नागाचारी, एवं पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री आरके. सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीसीएल और पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस समझौते का उद्देश्य केवल फ्लाई ऐश निपटान नहीं, बल्कि उसे एक संसाधन के रूप में उपयोग कर खनन के बाद की भूमि को पुनः उपयोगी बनाना है। यह पहल खनन क्षेत्रों में पर्यावरणीय पुनःस्थापन, जल संरक्षण, मिट्टी की गुणवत्ता सुधार और क्षेत्रीय जैव विविधता को पुनर्जीवित करने में सहायक सिद्ध होगी।

## हल्माद भुलि में मंडा पूजा के अवसर पर छऊ नृत्य



**मुरी:** हल्माद भुलि में मंडा पूजा के अवसर पर छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्या वीणा देवी ने फीता काट कर किया। वीणा देवी के पहुंचने पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो कर उनका स्वागत किया। ज्ञात हो कि छऊ नृत्य धार्मिक कथाओं पर आधारित छौ नृत्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। इसे सफल बनाने में स्थानीय कमिटी के अध्यक्ष संजय मंडल, सचिव भुनेश्वर बेदिया, कोषाध्यक्ष मिथुन बेदिया,उप कोषाध्यक्ष राज किशोर बेदिया, सदस्य तारकेश्वर बेदिया, परमेश्वर, नागेश्वर, कामेश्वर,नेबा मंडल,चमन,दुबराज,डोमन, देवेन्द्र,प्रदीप, सचिन, विकास,गोदेशवर, महावीर, राजेन्द्र, मुकेश, आनन्द, शिबू,राजू, सागर, शम्भु, लालदेव, जयपाल, अशोक,सीओ महेंद्र मंडल,दीपु व अन्य का सक्रिय सहयोग रहा।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**मुरी:** मुरी रांची रेल खंड पर किता वो सिल्ली स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर पोल संख्या 35/370 के पास ट्रेन की चपेट में आने से कोंचाजारा निवासी रंजीत महतो (20) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि हत्या या आत्महत्या यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा। फिलहाल मामले की छानबीन चल रही है। मृतक के पिता रामधन महतो ने बताया कि रंजीत महतो जमशेदपुर के निजी कंपनी में कार्य करता था पिछले कई दिन पूर्व छुट्टी पर घर आया था। सुबह किसी काम को लेकर बाजार जाने की बात कह कर घर से निकला था। घटना के बाद परिजनों का रो-

### सीईओ ने बैठक कर दी जानकारी

# राज्य के कई जिले से बीएलओ, वालेंटियर और बैग की 312 सदस्यीय टीम जाएगी नई दिल्ली

**इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है**

संवाददाता



**रांची:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के सभी राज्यों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में झारखंड के बीएलओ, वालेंटियर एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बैग के 312 सदस्य की टीम अपने एक्सपेरिएंस शेयर के लिए नई दिल्ली स्थित आईआईआईडीईएम में 19 एवं 20 मई दो दिवस के लिए जाएंगे।

इस हेतु सभी संबंधित जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी अपने जिले के बीएलओ, वालेंटियर एवं बैग के सदस्यों को चयनित करते हुए उनकी सूची सोमवार तक उपलब्ध करा दें, जिससे अग्रतर कार्रवाई की जा सके। के रवि कुमार शनिवार को निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के झारखंड भ्रमण के दौरान रामगढ़ के वालेंटियर एवं रांची दशम फॉल के बीएलओ से उन्होंने मुलाकात किया था। इस दौरान उनके साथ हुए एक्सपेरिएंस शेयर से मुख्य चुनाव आयुक्त अत्यंत प्रभावित हुए थे। मुख्य चुनाव आयुक्त के पहल पर पहली बार देश के अन्य राज्यों के सामने झारखंड के बीएलओ, वालेंटियर एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बैग) के सदस्य लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव 2024 के अपने कार्यों एवं अनुभवों को साझा करेंगे।

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य के मतदान से जुड़े स्टेक होल्डर को यह अवसर प्राप्त हुआ है। सभी संबंधित जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी अपने जिले के बीएलओ, वालेंटियर एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों को चयनित करते हुए उनके आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह उप सचिव देवदास दत्ता सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# टीएसपीसी के नाम से व्हाट्सएप कॉल व एसएमएस से कोयलांचल में दहशत

संवाददाता

**खलारी:** कोयलांचल में टीएसपीसी के नाम पर कोल व्यवसायियों को व्हाट्सएप कॉल व एसएमएस द्वारा कोल डंप से 110 रुपये की मांग कर दहशत फैलाया जा रहा है। लेकिन टीएसपीसी के उत्तरी दक्षिणी सीमांत के जोनल कमिटी रमेश ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से कोलव्यवसायियों व ठेकेदारों में भ्रम फैलाया जा रहा है। बताया कि बीते दिनों कल्याणपुर पुरनाडीह में टीएसपीसी संगठन के नाम से जो प्रेस नोट जारी किया गया था ।

उसमें संगठन का कोई हाथ नहीं है। अभी क्षेत्र के कोल व्यवसायियों को संगठन के नाम से झूठा प्रचार किया जा रहा है। जो कि किसी सफेदपोश अपराधी विराट जी के नाम से प्रेस रिलीज किया जा रहा है जबकि संगठन में किसी विराट जी के नाम से कोई

व्यक्ति का क्षेत्रीय जिम्मेवारी नही दिया गया है। संगठन के ही पुराने लोग जो संगठन को छोड़ कर अपने निजी जीवन के आड़ में सफेद पोस बन कर बैठे भ्रामक

रिजिल कर रहे है। उन्होंने बताया कि अभी वर्तमान में ऋषिकेश को संगठन ने अशोका पिपरवार, पुरनाडीह,चुरी, खलारी से चंदवा बालूमाथ का प्रभारी बनाया गया है। अरबीन्द जो कि बुड़मु पिठोरिया से चामा तक का प्रमारी

है। दिवाकर जो बड़कागांव से पतरातु उरीमारी का प्रभारी है। सुरेश उर्फ गुरुजी हजारीबाग क्षेत्र का प्रभारी हैं। दिनेश आम्रपाली, चट्टी बारीयातु, पगार, टण्डवा उत्तरी का प्रभारी बनाया गया है। टीएसपीसी ने किसी विराट से कोई लेना देना नही है ।

## अज्ञात युवती का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



**चतरा:** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सिंघानी गांव स्थित मंगरदाहा घाट के पास शनिवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब स्थानीय लोगों ने परसोनिया नदी के किनारे एक अज्ञात युवती का शव देखा। शव की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवती के शव के पास एक पर्स बरामद हुआ है, जिसमें 400 रुपये नकद और कुछ प्याज रखे हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि मानसिक संतुलन का सही नहीं होना या युवती हाल ही में इलाके में आई थी या फिर किसी के साथ बाहर से यहां लाई गई हो सकती है। शव की स्थिति को देखते हुए घटना को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।मामले की जानकारी मिलते ही पत्थलगड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। थाना प्रभारी राकेश कुमार के द्वारा देर शाम बताया गया कि शव की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि यदि कोई इस युवती को पहचानता हो तो पुलिस या उसके परिजनों को सूचित करें। थाना प्रभारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



## फरार अभियुक्त के विरुद्ध मुनादी, संपत्ति जब्ती की तैयारी

**चतरा:** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में गंभीर आपराधिक मामलों में फरार चल रहे अभियुक्त जितेन्द्र कुमार गुप्ता उर्फ टिपोरी के विरुद्ध पुलिस द्वारा मुनादी की कानूनी प्रक्रिया पूर्ण की गई। यह कार्रवाई थाना कांड संख्या 113/2020, दिनांक 15 सितंबर 2020 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 409, 420, 467 एवं 468 के अंतर्गत दर्ज प्रकरण में की गई है। अभियुक्त जितेन्द्र कुमार गुप्ता, पिता स्वर्गीय चमारी साव, निवासी टंडवा, जिला चतरा, लंबे समय से फरार है। न्यायालय के आदेशानुसार दिनांक 2 मई 2025 को पुलिस ने मुनादी कर अभियुक्त को न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की अंतिम चेतावनी दी। मुनादी की यह प्रक्रिया सहायक अवर निरीक्षक लक्ष्मण तिवारी तथा टंडवा थाना के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। पुलिस द्वारा दी गई चेतावनी में स्पष्ट किया गया है कि यदि अभियुक्त निर्धारित समयावधि में न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसकी संपत्ति की जब्ती की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। टंडवा पुलिस ने यह कदम न्यायालय की अनुमति से कानून के दायरे में उठाया है, जिससे फरार अपराधियों पर कानूनी दबाव बनाया जा सके और न्याय प्रक्रिया को गति मिल सके।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक सम्पन्न

**71 व्यक्तिगत वनपट्टा व 3 सामुदायिक वनपट्टा स्वीकृत**



**चतरा:** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक की गई।बैठक में सर्वप्रथम कल्याण विभाग अंतर्गत वनपट्टा से संबंधित अनुमंडल स्तरीय वन अधिकारी समिति द्वारा कुल 76 व्यक्तिगत वनपट्टा 3 सामुदायिक वनपट्टा प्रस्तुत किया गया। जिसकी मानक दस्तावेजों की गहनता से जांच करते हुए सर्वसम्मति से कुल 71 व्यक्तिगत वनपट्टा एवं कुल 3 सामुदायिक वनपट्टा स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।वहीं शेष प्राप्त त्रुटि दस्तावेज वाले वनपट्टा को अनुमंडल स्तर से ग्राम सभा से निराकरण हेतु वापस करने का निर्देश दिया गया।बैठक में दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार, चतरा अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज,प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित, वनाधिकार समिति के सदस्य समेत अन्य सभी सबंधित उपस्थित थे।



## सेवानिवृत सैनिक महेश साहु का पूर्व सैनिक संगठन ने किया भव्य स्वागत

**चतरा:** बीएसएफ से सेवानिवृत सैनिक महेश साहु का सेवानिवृत सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड चतरा इकाई द्वारा केशरी चौक पर भव्य स्वागत किया गया। केशरी चौक से इनके आवास राजा दोहर तक ढोल नगाड़े के साथ पहुंचाया गया। यह स्वागत कार्यक्रम जिलाध्यक्ष मोहन कुमार साहा के नेतृत्व में किया गया। मौके पर सेवानिवृत्त होकर लौटे महेश को माला पहनाकर व संगठन का मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। मौके पर वक्ताओं ने महेश साहु का संक्षिप्त परिचय व देश में सेना के योगदान के बारे में बताया व युवाओं को सेना में आने का संदेश दिया। सेवानिवृत सैनिक महेश साहु ने बताया कि उन्होंने 35 वर्ष बीएसएफ में सेवा दिया और कई आतंकवादी अभियान में हिस्सा लिया। वर्दी मेरे तन से उतरा है,मन से नहीं। जज्बा और जुनून आज भी वही है। अगर देश को जरूरत पड़े तो मैं दुबारा भी वर्दी पहन सकता हूं। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मोहन कुमार साहा, उपाध्यक्ष जयजीत कुमार सिंह, सचिव महेश बांडों, चतरा प्रखंड अध्यक्ष रामबचन साव, मीडिया प्रभारी धनेश्वर साहु, उप मीडिया प्रभारी किशुन राम,आशुतोष सिंह,इंद्रदेव चौधरी,बानासाढ़ी मुखिया करम साहु,बिजेंद्र भारती,अर्जुन साहु,सहदेव साहु, शंकर वकील,घनश्याम साहु , सुरज साहु,मदन साहु,भुनेश्वर साहु,धर्मेंद्र साहु,नवीन साहु, मंजूर साहु,राजेंद्र साहू,सुरजीत जायसवाल सहित सैकड़ों लोग शामिल थे ।

### रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर के छात्रों ने

# प्लास्टिक के उपयोग पर किया सर्वेक्षण ,चलाया जागरूकता अभियान

संवाददाता



**चतरा:** स्थानीय मुख्यालय क्षेत्र रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर में शनिवार को लास्टिक का उपयोग उचित है या अनुचित विषय पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के दिशा निर्देश में भैया बहनों के माध्यम से एक सर्वेक्षण किया गया। यह सर्वेक्षण जिला मुख्यालय के विभिन्न मुहल्ले में किया गया। सर्वेक्षण में विद्यालय के आचार्य सत्यम कुमार के नेतृत्व में लाइन मोहल्ला, निधि कुमारी के नेतृत्व में झुमड़ा मोहल्ला, सुकृति कुमारी के नेतृत्व में लिपदा एवं प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में मारवाड़ी मोहल्ला, बाजार टॉड एवं दीवानखाना में सर्वे किया गया । इस सर्वे में भैया बहनों के द्वारा आम लोगों से प्लास्टिक का उपयोग सही है या गलत इस पर प्रश्न एवं आपसी बातचीत के माध्यम से लोगों को प्लास्टिक उपयोग ना करने के लिए जागरूक किया गया। इसके लिए प्रयास किया गया । वहीं आम जनों के द्वारा प्लास्टिक का उपयोग पर कुछ लोगों ने गलत कहा वही कुछ लोगों ने सही कहते हुए अपना दलीलें दी अंतिम में चारों ग्रुप के प्रश्न का जो उत्तर आए उससे निष्कर्ष निकलता है कि प्लास्टिक का उपयोग सरकार द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिए एवं आम जनों का इसका उपयोग नहीं करना चाहिए ।इस पर अपना विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह ने बताया कि प्लास्टिक का उपयोग समाज के द्वारा नहीं किया जाना चाहिए । क्योंकि यह एक ऐसा माध्यम है जो शहर के दुकानों से घर तक आ जाता है और घर के बाद आसपास के पर्यावरण में इधर-उधर उड़ता रहता है। जाने और अनजाने में निर्दोष पशु इसका सेवन करके बीमारी के शिकार हो जाते हैं । जिससे इनकी मौत होती ही है वही दूसरे ओर पर्यावरण भी दूषित हो रहा है।अतः हम सभी को प्लास्टिक का उपयोग करने से बचना चाहिए और इसके स्थान पर जुट का थैला का प्रयोग करना चाहिए।

## हाइवा के ओवर टेक करने के दौरान बाइक चालक घायल



**गिद्धौर (चतरा):** थाना क्षेत्र के गांगपुर में पीतीज मोड़ के समीप एक बाइक चालक कोलवाहन हाइवा के चकमे से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे बाइक चालक घायल हो गया। बाइक चालक थाना क्षेत्र के लुब्धिया गांव निवासी समाजसेवी बिनोद कुमार यादव है।बताया गया कि बीते शुक्रवार को सुबह सुबह बिनोद यादव गांगपुर से अपना घर लुब्धिया जा रहा था। इसी दौरान पीतीज मोड़ के समीप पहुंचते ही दो कोलवाहन ओवरटेक करने लगे। इसी दौरान हाइवा के चकमे से बाइक चालक अनियंत्रित होकर सड़क से 10 फिट दूरी पर जा गिरा। जिससे बाइक चालक के सिर में गंभीर चोट आई है। जिसका इलाज हजारीबाग चल रहा है।

# अनुराग गुप्ता के डीजीपी बने रहने पर संशय बरकरार झारखंड सरकार के जवाब से केंद्र सहमत नहीं

संवाददाता



**रांचीः** अनुराग गुप्ता के डीजीपी बने रहने पर संशय बरकरार है। केंद्र ने राज्य सरकार को दोबारा पत्र लिखा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य की मुख्य सचिव और गृह सचिव को पत्र लिखा है। सूत्रों के अनुसार, केंद्र ने लिखा है कि झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति कानून-सम्मत नहीं है। झारखंड सरकार के जवाब से गृह मंत्रालय सहमत नहीं है।

केंद्र ने अनुराग गुप्ता को 30 अप्रैल को ही सेवानिवृत्त मान लिया है। इस बीच खबर है कि केंद्र के इस पत्र पर राज्य सरकार फिर जवाब भेजने की तैयारी में है। केंद्र को यह बताया जायेगा कि राज्य सरकार ने जो निर्णय लिया है, वह नियम संगत है। अनुराग गुप्ता की डीजीपी पद पर नियुक्ति को लेकर 22 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से मुख्य सचिव को पत्र लिखा गया था। इसमें नियुक्ति को उचित नहीं बताते हुए उन्हे 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त करने का निर्देश दिया गया था।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के इस पत्र के जवाब में मुख्य सचिव की ओर से केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक रिपोर्ट भेज कर डीजीपी के पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को उचित ठहराया गया था। चार दिन बाद यानी 10 मई को रांची में ईस्टर्न काउंसिल की बैठक होनी है। इस बैठक की अध्यक्ष गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। इसमें झारखंड के साथ ओडिशा, बिहार और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और वरीय अधिकारी शामिल होंगे। इस बैठक में राज्य के मुख्य सचिव के साथ डीजीपी भी शामिल होते है। 10 मई से पहले इस खींचतान का नतीजा क्या होगा वो देखना है। इस बैठक में राज्य के डीजीपी के रूप में अनुराग गुप्ता शामिल होंगे या कोई बदलाव हो सकता है, देखना होगा।

इस पूरे मामले को लेकर बीजेपी सरकार पर हमलावर है। नेता प्रतिपक्ष और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य अभी डीजीपी विहीन है। अनुराग गुप्ता को डीजीपी नियुक्ति किया जाना अखिल भारतीय सेवा अधिनियम का उल्लंघन है। इस संदर्भ में केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को पत्राचार कर उन्हें पद से हटाने का निर्देश दिया है।

वर्तमान में झारखंड का पुलिस विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, सीआईडी और अन्य महत्वपूर्ण इकाइयाँ बिना पुलिस महानिदेशक के संचालित हो रही हैं। केंद्र और राज्य के बीच डीजीपी पद को लेकर खींचतान का अंत क्या होता है देखना होगा।

## सर्जन अजीत कुमार हुए सम्मानित



संवाददाता

**रांचीः** सदर अस्पताल रांची के सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार को स्वास्थ्य चिकित्सा के क्षेत्र मे सराहनीय कार्य के लिए भगवा नारी सेना के अध्यक्ष पिया बर्मन ने छात्र क्लब चिकित्सक मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा की मौजूदगी में अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

मौके पर पिया बर्मन ने कहा कि डॉक्टर सर्जन अजीत कुमार का मरीजों के साथ मधुर व्यवहार रहता है साथ ही वे उचित मार्गदर्शन भी देते है । वहीं अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ।अजीत कुमार ने कहा ,मरीज के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मेरी सबसे बड़ी खुशी है मैं मरीजों की चिकित्सा करना अपना धर्म समझता हूं।

आज सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार को सम्मानित करने वालो में मुख्य रूप से समाजसेवी संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह, दिलबीर सिंह, कुमारी अनिता नीलम, विनीता, रवि मेहता, वीणा श्री,शीला, ललिता, अंजना प्रियदर्शनी, गायत्री रंजन,प रविंदर कौर, रूपम भगत, सुनीता पांडे व अन्य मौजूद थे।



## झारखंड क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के बीसी का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**रांचीः** रामकृष्ण मिशन के दिव्यायन (कृषि विज्ञान केंद्र) में झारखंड क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट (बीसी) का तीन दिवसीय तीसरे बैच का आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण नाबार्ड, झारखंड ग्रामीण बैंक और एनएबीसीओएनएस के संयुक्त तत्वावधान में साख फाउंडेशन के माध्यम से दो से पांच मई तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दूसरे दिन झारखंड क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के एजीएम संजय कुमार और मुख्य प्रबंधक राजीव कुमार शामिल हुए। श्री राजीव ने प्रशिक्षणार्थियों के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि ग्रामीण बैंक बीसी को अपना सहयोगी बना रही है और बैंकिंग सेवाओं में निरंतर सुधार कर रही है। उन्होंने बताया कि बैंक जल्द ही एक नया सॉफ्टवेयर और मिनी एटीएम ला रही है, जिससे बीसी त्वरित गति से काम कर पाएंगे।

वहीं,श्री संजय ने बताया कि झारखंड क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के वर्तमान में 800 बीसी को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एक बैच में 40 बीसी प्रशिक्षण लेंगे और पूरे झारखंड में 20 बैचों में सभी को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षक डॉ रमन वल्लभ ने सरल भाषा और उदाहरणों के माध्यम से सभी संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साख फाउंडेशन के सचिव मनोज सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## रांची में आज नीट परीक्षा, परीक्षा केंद्रो पर 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू



संवाददाता

**रांचीः** राजधानी रांची में आज यानी रविवार को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) स्नातक-2025 के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि परीक्षा शहर के 22 केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। रांची प्रशासन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, शहर के सभी नीट यूजी-2025 परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा चार मई को पूर्वाह्न 11 बजे से रात 8 बजे तक प्रभावी रहेगी।

आदेश में कहा गया है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, किसी भी ध्वनि अनुप्रयोग उपकरण का उपयोग करने, किसी भी प्रकार की बैठक या सार्वजनिक समारोह आयोजित करने, किसी भी प्रकार के हथियार जैसे बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, विस्फोटक, लाठी, धनुष और तीर लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र एवं पारदर्शी तरीके से परीक्षा कराने के लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और सुरक्षा बल मौजूद रहेंगे।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स, सेपक टकरा के रेफरी होंगे अमरेंद्र



**रांची** : बिहार की राजधानी पटना में कल से प्रारम्भ हो रहें खेलो इंडिया यूथ गेम्स के सेपकटकरा इवेंट में झारखंड के अमरेंद्र दत्त द्विवेदी रेफरी की भूमिका निभाएंगे।

अमरेंद्र दत्त झारखण्ड के इकलौते इंटरनेशनल सेपकटकरा रेफरी हैं।

श्री दत्त इसके पूर्व कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रेफरी की भूमिका निभा चुके हैं।

अभी हाल ही में पटना में सम्पन्न वर्ल्ड कप सेपक टकरा में भी वे रेफरी थे। अमरेंद्र दत्त के निर्णायक बनाये जाने पर झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक सहित सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के दीपक भरथुआर,उदय साहू, प्रियदर्शी अमर, मिथलेश साहू, मनोज साहू,मनोज महतो,अजित सिन्हा, प्रदीप खन्ना, बुल्लू गोप, शशिकांत पांडे, रजि अहमद, शिवेंद्र दुबे,चंचल भट्टाचार्य,मनोज गुप्ता, उमा रानी पालित व अन्य ने हार्दिक बधाई दी है।

## अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने का निर्णय ऐतिहासिक : हाजी मतलूब

### झारखंड के पत्रकारों, आंदोलनकारियों को भी स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ा जाये



**रांचीः** हाजी मतलुब इमाम झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी /अध्यक्ष झारखंड राबता हज कमेटी हाजी मतलूब इमाम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड के अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने का निर्णय स्वागत योग्य है। झारखंड पहला राज्य बना जहाँ अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। यह ऐतिहासिक निर्णय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिया है। जिसको झारखंड राब्ता हज कमेटी स्वागत करती है। हाजी मतलूब इमाम ने कहा कि हम मुख्यमंत्री से अपील करते है के झारखंड के पत्रकारों, झारखंड आंदोलनकारियों को भी स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ा जाए और इनको भी बीमा योजना का लाभ दिया जाय। मुख्यमंत्री के उस निर्णय का भी स्वागत करते हैं जिसमें उन्होंने कहा कि बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी झारखंड में बनेगा।




## लालपुर में खुला श्रीलेदर्स का नया शोरूम

मेट्रो रेज

**रांचीः** 73 साल पुराना भारतीय फुटवियर ब्रांड श्रीलेदर्स 4 मई, 2025 को रांची के लालपुर में अपना नया शोरूम खोलने की घोषणा करते हुए रोमांचित है। प्लाजा सिनेमा के सामने एच बी रोड पर स्थित यह नया आउटलेट श्रीलेदर्स की गुणवत्ता और आराम के प्रति प्रतिबद्धता को रांची के लोगों के और करीब लाएगा। प्रेस कांफ्रेंस में श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि श्रीलेदर्स के इस नए शोरूम में प्रतिस्पर्धी कीमतों पर विश्व स्तरीय फुटवियर, चमड़े के सामान, बैग, ट्रैवल बैग, स्पोर्ट्स शूज और एक्टिववियर की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी। श्रीलेदर्स की नवीनतम एसएल प्रीमियम श्रेणी को ग्राहकों से सकारात्मक समीक्षा मिली है।

**उत्कृष्टता की विरासत :** स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सुरेश चंद्र डे द्वारा 1952 में स्थापित, श्रीलेदर्स ने किफायती कीमतों पर आरामदायक और स्टाइलिश फुटवियर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिष्ठा बनाई है। 73 वर्षों की विरासत के साथ, ब्रांड ने फुटवियर और चमड़े के सामान में एक वफादार ग्राहक आधार और महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी अर्जित की है। श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने जोर देकर कहा, हम अपने फ्रैंचाइजी को उत्पाद वितरित करने से पहले गुणवत्ता और ग्राहक स्वीकार्यता को प्राथमिकता देते हैं। श्रीलेदर्स द्वारा आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ,रॉकी डे, सौरभ विश्वास, श्रीलेदर्स के नए शोरूम के संचालक निर्मल्या रॉय व संचित राजगढ़िया, अभिनेत्री स्टेफी पटेल और मिस यूनिवर्स झारखण्ड 2025 का खिताब अपने नाम करने वाली रिया तिर्की भी उपस्थित थी ।

**भविष्य की विकास योजनाएं :** पार्टनर और तीसरी पीढ़ी के परिवार के सदस्य सुशांतो डे कहते हैं, हमारा लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाले स्पोर्ट्स शूज और प्रीमियम लेदर शूज को सभी के लिए किफायती बनाना है।₹ ब्रांड की रछ स्पोर्ट्स रेंज एक्टिव वियर और स्पोर्ट्स शूज की बढ़ती मांग को पूरा करेगी।

**आक्रामक विस्तार :** पिछले एक साल में, श्रीलेदर्स ने झारखंड, बिहार, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में कम से कम 10 नए रिटेल स्टोर खोलकर पूर्वी और दक्षिण भारत में अपना विस्तार किया है, जिससे इसकी क्षेत्रीय उपस्थिति और भी मजबूत हुई है।

**मजबूत ग्राहक-कनेक्ट और फ्रैंचाइजी रणनीति :** श्रीलेदर्स को अपने मजबूत ग्राहक-कनेक्ट पर गर्व है, जिसकी वफादारी दो पीढ़ियों से चली आ रही है। ब्रांड अपनी सफलता का श्रेय अपनी फ्रैंचाइजी रणनीति और सितंबर 2020 में अपनी वेबसाइट के लॉन्च को देता है, जिसने ऑनलाइन व्यवसाय में इसकी शुरूआत की।

## दलित और आदिवासी समाज ने आज भी जिंदा रखी है अपनी सनातन परंपरा

- दहकते अंगारों पर चलकर सैकड़ों शिव भक्तों ने दी भक्ति की परीक्षा
- तुपुदाना में मंडा पूजा फुलखुन्दी और झूलन के साथ संपन्न

सूरज शाहदेव



**रांचीः** झारखंड का पारम्परिक लोकपर्व मंडा पूजा धूमधाम और पूरी विधि विधान से तुपुदाना में संपन्न हुआ। इस लोक पर्व में तुपुदाना और आसपास के सदान,आदिवासी जनजाति और अनुसूचित जाति के सैकड़ों शिवभक्तों ने दहकते अंगारे पर चलकर अपनी 11 दिनों की कड़ीं तपस्या और आस्था का परिचय दिया। इस पर्व को राज्य में अच्छी बारिश, खेत-बारी और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। मंडा पूजा में शिव भक्त भगवान भोले शंकर को अपनी भक्ति की शक्ति से खुश करने के लिए 11 दिनों तक नियम का पालन करते हुए भोक्ता शिव आराधना में लीन रहते है। भोक्ता 11 दिनों तक दिन में एक बार भोजन करते है। दिन में दो बार नहाते है एवं सुबह और शाम महादेव की पूजा अर्चना करते है। इन 11 दिनों तक भोक्ता नियम के साथ रहते है। इन 11 दिनों में वे कोई भी अधार्मिक कार्य या अधार्मिक बातें तक नही करते है। 11 दिनों तक सात्विक भोजन करते है और नंगे पांव ही रहते है।सभी भोक्ता फुलखुन्दी के दिन निर्जला उपवास रखते है तथा शाम को दहकते अँगारे पर चल कर अपनी भक्ति की शक्ति को साबित करते है। दहकते अंगारे पर चलने से पहले महादेव बाबा की पूजा की जाती है।सभी भोक्ता शाम को नौ बार स्नान करते है फिर हर बार महादेव बाबा की पूजा की जाती है। दहकते अंगारे पर चलने को फुलखुन्दी कहा जाता है। इस दिन भोक्ताओं के घर की महिला सदस्य जिसे सोखताइन कहा जाता है वे भी उपवास रखती है और महादेव मंडप में अपने घर के भोक्ता को बारी बारी से नौ बार अपने लोटा से उनके ऊपर जल छिड़कर शुद्ध करती है।महादेव जी की पूजा के उपरान्त उल्टा लटकर धुआँसी में झूलते है।उसके बाद दहकते अंगारे पर चलते है। पूजा के दौरान बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक दहकते अंगारों पर चलते हैं। मंडा पूजा में शामिल होने वाले भोक्ता दो प्रकार के होते है। एक वैसे भोक्ता जिनकी मनोकामनाएं पूरी हो गयी है और दूसरे वे जो भोलेनाथ से मन्नत मांगते है वे ही भोक्ता बनते है। फुलखुन्दी के उपरांत मेले में छऊ नाच का भी आयोजन किया गया जो रात भर चला।

हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं. 06 / 2025–26

| Sl. No. | Particulars | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of R.C.C Drain with Cover Slab from H/o Pummy to Shahid Kamal near Lotus apartment in Friends Colony in ward no. 21 (Twenty One) under Municipal Corporation, Hazaribag | 7,17,400.00 | 16000/- | 5900/- | 90 days |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 15.05.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 2. | निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 16.05.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 3. | निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 16.05.2025 को 3.00 बजे अपराह्न |
| 4. | विज्ञापनदाता का पदनाम | : | नगर आयुक्त सह प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग। |

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 351594 (Urban Development and Housing)25-26*D




# करियर चुनते समय भूलकर भी ना करें यह गलतियां

करियर चुनते समय कुछ चीजों का खास ख्याल रखना चाहिए। अगर आप इन चीजों का ख्याल नहीं रखती हैं तो आपको आगे जाकर दिक्कत आ सकती हैं।

करियर चुनना एक ऐसा फैसला है जिस पर आपकी आने वाली जिंदगी निर्भर करती है। ऐसे में यह फैसला कभी भी जल्दबाजी या बिना जानकारी के ना लें। अगर आप ऐसा करती हैं तो आने वाला समय आपके लिए मुश्किलों से भरा हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि करियर का फैसला सोच समझकर लिया जाए। ऐसे में करियर चुनते समय निम्नलिखित गलतियों से बचने के लिए ध्यान देना काफी जरूरी है।

## प्रभावित होना

अक्सर लोग दूसरों के मत और प्रभावों के चलते करियर चुनते हैं। आपको अपनी प्राथमिकताओं, रुचियों और क्षमताओं के आधार पर चुनाव करना चाहिए, न कि दूसरों के प्रभाव में आकर। दूसरों का सुनना जरूरी है लेकिन जरूरी नहीं की आप उनकी हर बात को मानें।

## बाहरी दबावों को महत्व देना

अक्सर परिवार दबाव, सामाजिक प्रतीक्षाओं या प्रतिस्पर्धा के दबाव के चलते गलत करियर चुन लेते हैं। आपको खुद के आंतरिक आवश्यकताओं और योग्यताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दबावों मे आकर कोई भी गलत निर्णय ना करें। ऐसे में आपको आगे जाकर दिक्कत आ सकती हैं।

## अनधिकृत सलाह पर निर्भरता

करियर चुनते समय बहुत से लोग अनधिकृत या अयोग्य व्यक्तियों से सलाह लेते हैं। आपको केवल प्रामाणिक और विशेषज्ञ सलाहकारों की सहायता लेनी चाहिए। सलाह लेना जरूरी है लेकिन अपनी रूची के हिसाब से निर्णय लें। ताकि आपको आगे दिक्कत का सामना ना करना पड़े।

## सिर्फ पैसे के लिए चुनाव

सिर्फ पैसे के लिए करियर को ना चुनें। पैसा होना जरूरी है लेकिन अगर आपका मन उस काम में नहीं लगता है लेकिन उस फिल्ड में पैसा अधिक है तो कभी भी ऐसा फील्ड का चुनाव अपने करियर के लिए ना करें।

# इन टिप्स से मिलेगी अच्छी नौकरी

करियर के शुरुआत में ही अगर आपको अच्छी कंपनी मिलती है तो काफी लाभ हो सकता है। बड़ी- बड़ी कंपनियां अपने इंप्लाई को काफी अच्छी सैलरी शुरुआत में भी देते हैं। अगर आप भी मोटी सैलरी की चाह रखती हैं तो आपको कुछ आसान टिप्स को फॉलो करना होगा। इसकी मदद से आपको अच्छी नौकरी खोजने में काफी लाभ मिलेगा।

## रिज्यूमे बनाते समय रखें ध्यान

आपने अपने फ्यूचर को लेकर जिस जॉब से जुड़ने का लक्ष्य बना रखा है उसके अनुसार अपना रेज्यूमे तैयार करना चाहिए। भले ही आप फ्रेशर्स क्यों ना हो आप चाहे तो अपने रिज्यूमे को अच्छे से बना सकती हैं। रिज्यूमे बनाते समय इन चीजों को जरूर लिखें।

- कॉन्टैक्ट डिटेल्स लिखें
- वर्क एक्सपीरियंस लिखें
- प्रोजेक्ट्स लिखें
- एजुकेशन लिखें
- स्किल्स लिखें
- ऑब्जेक्टिव लिखें

## सोशल साइट्स से तलाशे नौकरी

सोशल साइट्स का इस्तेमाल केवल फोटो और वीडियो के लिए ही नहीं बल्कि नौकरी तलाशने के लिए भी किया जाता है। LinkedIn जैसे ऐप की माध्यम से आपको आसानी से नौकरी मिल जाएगी। इस साइट पर आपको एक्टिव रहना है और खुद से जुड़ी जानकारी शेयर करते रहना है। इतना ही नहीं, बड़ी- बड़ी कंपनियां यही नौकरी से जुड़ी सूचना डालते हैं। आपको यहीं से अप्लाई करने का विकल्प भी मिल जाएगा।

## कुछ नया करें

आपको अगर एक काम आता है तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत हो सकती हैं। अगर आप अपने काम के साथ अपने फिल्ड से जुड़ी अन्य कामों की जानकारी रखती हैं तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत नहीं होगी। कुछ नया सिखना हमेशा जरूरी हैं।



# बनना चाहते हैं एचआर ....तो जानिए इसके लिए क्या करना होगा

**ह्यूमन रिसोर्स (एचआर) प्रोफेशनल्स किसी भी कंपनी के लिए बहुत जिम्मेदार सदस्य होते हैं, जो खास तौर पर रिक्रूटमेंट, एम्प्लॉई मैनेजमेंट और अन्य प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी संभालते हैं।**

अगर आप मानव संसाधन (एचआर) क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको अलग-अलग स्तर पर अहम फैसले लेने होंगे। ।।क्रमें सफल करियर के लिए सही शिक्षा, अनुभव और कौशलों का होना जरूरी है। यहां इस प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया है। ह्यूमन रिसोर्स (एचआर) प्रोफेशनल्स किसी भी कंपनी के लिए बहुत जिम्मेदार सदस्य होते हैं, जो खास तौर पर रिक्रूटमेंट, एम्प्लॉई मैनेजमेंट और अन्य प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी संभालते हैं। यह करियर विकल्प न केवल चुनौती भरा हो सकता है, बल्कि बहुत ही संतोषजनक और सम्मानित किए जाने वाला पोजीशन भी है। मानव संसाधन (एचआर) प्रोफेशनल के लिए जिम्मेदारियां



## रिक्रूटमेंट

पदों की आवश्यकता की पहचान करना। अलग-अलग प्लेटफार्मों पर जॉब पोस्ट करना। आवेदन पाने के बाद कैंडिडेट्स की स्क्रीनिंग करना। इंटरव्यू का आयोजन और संचालन करना। सबसे खास कैंडिडेट का चयन करना और नौकरी के प्रस्ताव भेजना।

## एम्प्लॉई मैनेजमेंट

नए कर्मचारियों का प्रशिक्षण और उनकी कौशल में वृद्धि के लिए विकास कार्यक्रम आयोजित करना। कर्मचारियों के परफॉर्मेंस का मूल्यांकन करना और फीडबैक के आधार पर परफॉर्मेंस एप्रेजल देना। कर्मचारियों की समस्याओं और शिकायतों का समाधान करना। वेतन और अन्य लाभों का प्रबंधन करना।

## एम्प्लॉई रिलेशन

कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच असरदार कम्युनिकेशन बनाए रखना। कंपनी के भीतर एक सकारात्मक और प्रोडक्टिव वर्क कल्चर को डेवलप करना।

## अनुपालन और कानूनी मामलों का प्रबंधन

लेबर लॉ के साथ-साथ कानूनी दस्तावेजों और अनुबंधों का प्रबंधन करना।

मानव संसाधन (एचआर) प्रोफेशनल के लिए डिग्री में करियर बनाने के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री जरूरी है। आप मानव संसाधन प्रबंधन (एचआर), मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, या पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन जैसे विषयों में ग्रेजुएशन कर सकते हैं। ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर के पदों पर और बेहतर वेतन संभावनाओं के लिए, आप मानव संसाधन प्रबंधन (MBA-HRM) या मानव संसाधन विकास (MS-HRD) में मास्टर डिग्री हासिल कर सकते हैं। एचआर (Human Resource) में एमबीए करने के लिए कैट (CAT) और मैट (MAT) जैसी परीक्षाएं आमतौर पर जरूरी होती हैं। ये परीक्षाएं आपके मैनेजमेंट प्रोग्राम में प्रवेश पाने के लिए आयोजन कराई जाती हैं और भारत में कई प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूलों जैसे भारतीय प्रबंधन संस्थानों IIMs में स्वीकार की जाती हैं। इसके साथ ही मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन में दो साल का पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीएम) भी जरूरी हो सकता है।

## प्रोफेशनल सर्टिफिकेट और ट्रेनिंग

कई ऑर्गनाइजेशन ।।क्रप्रोफेशनल के लिए सर्टिफिकेट कोर्स ऑफर करते हैं। ये सर्टिफिकेट आपके नॉलेज और स्किल्स को मान्य करते हैं और आपको नौकरी दिलाने में बेहतर साधन उपलब्ध करा सकते हैं। कुछ सर्टिफिकेट कोर्स जैसे प्रोफेशनल इन ह्यूमन रिसोर्स, सोसायटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सर्टिफाइड प्रोफेशनल और सीनियर प्रोफेशनल इन ह्यूमन रिसोर्स कर सकते हैं। ह्यूमन रिसोर्स में एंट्री लेवल के पदों के लिए अक्सर इंटर्नशिप या वालंटियर के अनुभव की जरूरत होती है। आप ।।क्रविभाग में सहायक, भर्ती करने वाला या प्रशिक्षण और विकास विशेषज्ञ जैसे पदों पर काम करके अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

## एचआर प्रोफेशनल के लिए जरूरी कौशल

एचआर प्रोफेशनल के लिए जरूरी कई तरह के कौशल होते हैं। इनमें से कुछ कौशल ये हैं। संचार, पारस्परिक कौशल, समस्या समाधान, नेतृत्व, विवरण पर ध्यान देना, सहानुभूतिपूर्ण रवैया, त्वरित निर्णय, ईमानदारी, धैर्य, सामाजिक जागरूकता, स्व-प्रबंधन, जवाबदेही, रणनीति के हिसाब से सोच, तकनीकी दक्षता, रणनीतिक योजना, स्टेकहोल्डर के साथ प्रबंधन।

इन कौशलों से मानव संसाधन प्रोफेशनल को अपने संगठन में सकारात्मक योगदान देने और चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलती है। साथ ही, इन कौशलों से वे प्रभावी संचार और कुशल प्रबंधन कर पाते हैं। मानव संसाधन प्रोफेशनलों को कर्मचारी डेटा और मुआवजा, चिकित्सा मुद्दों, मानसिक स्वास्थ्य, संघर्ष, परफॉर्मेंस, वर्कप्लेस की चोट, उत्पीड़न और अनुशासनात्मक समस्याओं से जुड़ी जानकारी से भी अवगत होना चाहिए। इसके अलावा, उन्हें कर्मचारियों की गोपनीयता बनाए रखने की ज़िम्मेदारी भी निभानी होती है।



# करियर में चाहिए सफलता तो इन बातों का रखें ध्यान

**करियर में आगे बढ़ने का सपना हर किसी का होता है ऐसे में आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। आज हम आपको इससे जुड़ी कुछ ख़ास बातें बताने वाले हैं।**

करियर में आगे बढ़ना तो सभी चाहते हैं। हम सभी को यह लगता है कि बस कैसे भी करके हमें जल्दी से प्रमोशन मिल जाएं। इसके लिए कई बार हम अपने टैलेंट के हिसाब से नई नौकरियां भी ढूंढते रहते हैं। ज्यादातर कंपनियां मल्टी टैलेंटेड लोगों को ही हायर करना चाहती है। ऐसे में अगर आप भी अपने करियर में आगे बढ़ना चाहती हैं तो हम आपको कुछ टिप्स बताने वाले हैं। आपको इन टिप्स को फॉलो करना चाहिए।

## व्यवहार पर दें ध्यान

आपको अपनी टीम के साथ अपना रिश्ता अच्छा बनाकर रखना चाहिए। कई बार कुछ चीजों पर हमें काफी ज़्यादा गुस्सा आ जाता है। अगर ऐसा आपके साथ भी हो रहा है तो आप अपने व्यवहार को ध्यान में रखते हुए ही कुछ कदम उठाए। कई बार जल्दबाजी में लिया गया फैसला गलत साबित हो सकता है। स्थिति चाहे कितनी भी खराब क्यों न हो आपको नियंत्रण करना आना चाहिए।

## बातचीत का तरीका

कोशिश करें कि आप ज्यादा से ज्यादा अपने बॉस से बातें करें। कॉरपोरेट जॉब में ऐसा करना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। अगर आपके बाल 9-5 जॉब करके वापस घर आ जाती है तो आपका प्रमोशन नहीं होने वाला है। ना ही आपको करियर में आगे सफलता मिलने वाली है। किसी भी प्रोफ़ेशन के लिए कम्युनिकेशन स्किल्स काफी ज्यादा जरूरी है। इसलिए हमेशा अपने कम्युनिकेशन स्किल्स पर ध्यान देना चाहिए।

## सीखने की लगन

अगर आपको कोई टास्क दिया गया है जो आपको बिलकुल भी नहीं आता है तो परेशान न होए और न ही अपने बॉस को यह कहे कि आपको यह काम नहीं आता है। आपको यह कहना चाहिए कि मुझे इसके बारे में जानकारी नहीं है लेकिन मैं इसमें काम करना चाहूंगी। ताकि मैं इसकी भी जानकारी प्राप्त कर सकूं। ऐसे में आपका बॉस आपसे इंप्रेस हो जाएंगे।

## काम में गलती करने से बचे

आपकी एक गलती आप पर भारी पड़ सकती है। ऐसे में अगर आप अपने करियर में आगे जाना चाहती हैं तो आपको अपने काम को लेकर डेडिकेशन दिखाना होगा। इसके लिए कोशिश करें कि काम करते वक्त कोई भी गलती ना करें। गलतियां तभी होती है जब हम जल्दबाजी में काम करते हैं। जल्दबाजी में आकर काम करना बंद कर दें।

# बैंक क्लर्क जॉब सिक्योरिटी और तरक्की के अवसर भी

**सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में चयनित होना और इनमें करियर बनाना काफी समय से युवाओं का लक्ष्य रहा है। इस जॉब से जुड़ी उज्जवल संभावनाओं को देखते हुए ही वे इस ओर आकर्षित होते हैं। यहा जॉब सिक्योरिटी भी है और तरक्की के अवसर भी।**

द्विपक्षीय समझौते से पहले तक बैंक क्लर्क को काफी कम वेतन मिला करता था। मगर अब यह स्थिति बदल गई है। अब सार्वजनिक बैंकों के क्लर्कों का वेतन लगभग निजी बैंकों के समकक्ष हो गया है। इसके अलावा क्लर्क को अपने ही बैंक में आगे बढ़ने और प्रमोशनल एग्जामिनेशन में बैठने का अवसर भी मिलता है। क्लर्क के रूप में 2 से 3 साल की सेवा देने के बाद आप ऑफिसर ग्रेड में पहुंच सकते हैं और आकर्षक सैलरी के साथ-साथ अन्य लाभ तथा भत्ते भी पा सकते हैं। किसी भी बैंक में क्लर्क के रूप में जॉइन करते ही पेंशन तथा प्रॉविडेंट फंड स्कीम भी लागू हो जाती है। इसके अलावा बैंकों द्वारा अपने क्लर्कों तथा उनके परिजनों को चिकित्सा बीमा का लाभ भी दिया जाता है। क्लर्क के रूप में शुरूआत करने वाले योग्य, प्रतिभावान और अनुभवी व्यक्ति आगे चलकर ब्रांच मैनेजर के पद तक पहुंच सकते हैं। निजी बैंकों के कुल 3 लाख कर्मचारियों में से केवल 21 प्रतिशत ही क्लर्क की श्रेणी में आते हैं। विदेशी बैंकों में तो क्लर्कों की संख्या मात्र 6 प्रतिशत ही है। वे अफसरों की नियुक्ति को वरीयता देते हैं। दरअसल भारत में समूची बैंकिंग प्रणाली अब अफसरों के पक्ष में नजर आती है। शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंकों ने जो 115 लाख कर्मचारी नियुक्त किए, उनमें 6 लाख से अधिक अफसर थे! मगर देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में आज भी अफसरों से अधिक क्लर्क कार्यरत हैं।

## नियुक्ति के ट्रैंड

- आज देश की बैंकों में 52 प्रतिशत अफसर हैं, जबकि दस साल पहले ये 38 प्रतिशत ही थे।
- टेक्नोलॉजी के चलते क्लर्कों के कई काम अब निरर्थक रह गए हैं।
- बेहतर औद्योगिक संबंधों के इरादे से भी बैंक 'ऑफिसर ओनली'' मॉडल को तवज्जो दे रहे हैं।
- इस नए रवैये के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की प्रति कर्मचारी औसत लागत बढ़ गई है।

एम्प्लॉयी प्रोफाइल में यह परिवर्तन बैंकिंग प्रणाली के कम्प्यूटरीकरण के कारण आया है, जिसके चलते क्लर्कों द्वारा किए जाने वाले अधिकांश काम अब अतीत की बात बन गए हैं। पहले क्लर्क एंट्री बनाते थे और अफसर उन्हें जांचकर लेनदेन अधिकृत करते थे। इसे मेकर-चेकर मॉडल कहा जाता था। अब जबकि अधिकांश बैंकिंग प्रणाली कम्प्यूटरीकृत हो गई है, तो लेनदेन को मैन्युअली चेक करने की कोई जरूरत नहीं रह गई। राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारी बताते हैं कि संभवत: कार्यकुशलता तथा बेहतर श्रम संबंधों के दोहरे लक्ष्य को साधने के लिए ही बैंक अब क्लर्कों के मुकाबले अधिक अफसरों को नियुक्त कर रहे हैं। सिद्धांतत: अफसरों से चौबिस घंटे काम करने की अपेक्षा की जाती है। उनके लिए ओवरटाइम का कोई प्रावधान नहीं होता। वहीं क्लर्कों को 10 मिनिट ज्यादा रोकने पर भी ओवरटाइम तथा परिवहन भत्ता देना पड़ता है।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**



**बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने वेव्स समिट में पैनल चर्चा का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर की। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि यह मौका सिर्फ एक सम्मान नहीं था, बल्कि बड़ी हस्तियों के साथ मंच साझा करना एक प्रेरणादायक अनुभव भी था।**

# वेव्स समिट में पैनल का हिस्सा बनना मेरे लिए यह गर्व की बात : करीना

**बॉलीवुड** की बेबो करीना ने इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया। इस फोटो में वह प्रिटेंड ब्लू कलर की शिफॉन साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने यह लुक मुंबई में हो रहे वेव्स समिट 2025 के लिए लिया। उन्होंने कैप्शन में समिट को लेकर खास बातें लिखी। उन्होंने कैप्शन में लिखा- वेव्स समिट में पैनल डिस्कशन का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। अब भारत सिर्फ ग्लोबल एंटरटेनमेंट की बातचीत का हिस्सा नहीं है, बल्कि उसे आगे बढ़ा रहा है। भारत तेजी से ग्लोबल एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक सुपरपावर बन रहा है और यह सिर्फ शुरुआत है उस रचनात्मक युग की, जो भविष्य को आकार देगा। बता दें कि गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन किया था और भारतीय सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों गुरु दत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी पर स्मारक डाक टिकट भी लॉन्च किए थे। इसमें इंडस्ट्री के कई बड़े सितारे शामिल हुए, जिनमें शाहरुख खान, आमिर खान, रजनीकांत, अक्षय कुमार, हेमा मालिनी, राशि खन्ना, मानुषी छिल्लर, वाणी कपूर, ऐश्वर्या राय बच्चन, एसएस राजामौली, चिरंजीवी, अनिल कपूर, आलिया भट्ट, म्यूजिक कंपोजर और गायक ए आर रहमान, फिल्म निर्माता जोया अख्तर और विक्की कौशल जैसे नाम शामिल हैं। यह समिट 1 से 4 मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में जारी है। इस समिट का मकसद मीडिया और मनोरंजन की क्षमता को बढ़ावा देना है। एक्ट्रेस की बात करें तो करीना ने अपने अब तक के करियर में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। उन्होंने साल 2000 में फिल्म रिफ्यूजी से अपने करियर की शुरुआत की थी, लेकिन पहचान 2001 में रिलीज हुई फिल्म कभी खुशी कभी गम से मिली। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और जब वी मेट, युवा, गोलमाल रिटर्न्स, 3 इडियट्स, गोलमाल 3, बॉडीगार्ड, सिंघम रिटर्न्स, बजरंगी भाईजान, तख्त, गुड न्यूज जैसी कई धमाकेदार फिल्में दीं।




## प्रशंसक के साथ सेल्फी ना लेने पर ट्रोल हुए अल्लू अर्जुन, यूजर बोले- 'एटीट्यूड लेकर क्या होगा?'

अल्लू अर्जुन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा गया कि अभिनेता अपने एक प्रशंसक को सेल्फी के लिए मना करते हुए नजर आए। इसके बाद से नेटिजन्स ने उनकी आलोचना करनी शुरू कर दी। अल्लू अर्जुन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अभिनेता अल्लू अर्जुन एक प्रशंसक के साथ सेल्फी लेने से इनकार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद यूजर्स ने उनके इस रवैये के लिए अभिनेता की आलोचना करनी शुरू कर दी।

### प्रशंसक के साथ नहीं ली सेल्फी

दरअसल, शुक्रवार को अल्लू अर्जुन 'वेव्स 2025' में हिस्सा लेने के लिए मुंबई पहुंचे थे। इस दौरान जैसे ही वह अपनी कार से बाहर निकले उनके एक प्रशंसक ने उनके सेल्फी के लिए अनुरोध किया। हालांकि, अभिनेता उसके साथ फोटो लेने के लिए नहीं रुके।



## कियारा ने मेट गाला डेब्यू के लिए भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता को चुना

**भारतीय** सिनेमा की सबसे चर्चित और समकालीन सितारों में से एक, कियारा आडवाणी, 2025 मेट गाला में अपने बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं और इस खास मौके पर वह पहने नजर आएंगी मशहूर भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता की विशेष रूप से तैयार की गई पोशाक। इस साल मेट गाला का थीम सुपरफाइन- टेलरिंग ब्लैक स्टाइल है, जो ब्लैक आइडेंटिटी की सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक गहराई को समर्पित है। इस मौके पर कियारा की उपस्थिति भारतीय कारीगरी और वैश्विक फैशन के संगम का प्रतीक बनेगी। इस साल की ड्रेस कोड टेलर्ड बाय यू एक व्यक्तिगत कहानी को सामने लाने का निमंत्रण है—और कियारा इसे अपने खास अंदाज़ में अपना रही हैं। फिलहाल अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही कियारा का रेड कार्पेट पर यह लुक सिर्फ एक फैशन स्टेटमेंट नहीं, बल्कि स्त्रीत्व, पहचान और बदलते प्रभाव की एक भव्य अभिव्यक्ति है। यह न केवल अभिनेत्री के लिए बल्कि भारतीय फैशन के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो वैश्विक मंचों पर अपनी जगह लगातार मजबूत कर रहा है। उनकी रचनात्मक साझेदार गौरव गुप्ता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त है।



## कमाल की पहल है वेव्स, दर्शक और कलाकार दोनों के लिए शानदार: अपारशक्ति खुराना

**मुंबई** के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) के दूसरे दिन शुक्रवार को अभिनेता अपारशक्ति खुराना शामिल हुए। खुराना ने वेव्स को कमाल की पहल बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि वेव्स दर्शकों और कलाकारों दोनों के लिए शानदार है। इवेंट में पहुंचे अभिनेता ने कहा, वेव्स में शामिल होकर मुझे काफी अच्छा लग रहा है। मैं देशवासियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुबारकबाद देने के साथ ही धन्यवाद भी देता हूं। कलाकार और दर्शक दोनों के लिए वेव्स शानदार है। उन्होंने कहा, इस मंच से सभी को मजबूती मिलेगी। कलाकार और सरकार को साथ मिलकर काम करना चाहिए, जिससे सभी को फायदा मिलता है। अभिनेता अनुपम खेर ने वेव्स को 'शानदार' बताया। वहीं, नागार्जुन का मानना है कि 'एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को ऐसे समिट की बहुत जरूरत है।' समिट में पहुंचे अभिनेता नागार्जुन ने कहा, मैं वेव्स समिट को लेकर बहुत खुश हूं और इसमें शामिल होकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारतीय फिल्म जगत और मीडिया को ऐसे मंच की जरूरत है। अब भारतीय फिल्म इंडस्ट्री को हम पूरी दुनिया में ले जा सकते हैं। यह एक ऐसा मार्केट है, जहां लोग आकर हमारी फिल्में देख सकते हैं। वे देख सकते हैं कि हम क्या बेहतर और नया कर रहे हैं। अभिनेता अनुपम खेर ने वेव्स को ऐतिहासिक और शानदार बताया। उन्होंने कहा, इस ऐतिहासिक समिट का आयोजन मुंबई में चल रहा है, जिसमें 100 से भी ज्यादा देश शामिल हो रहे हैं। आज तरक्की कर, आगे बढ़ने का समय है। सहयोग का समय है, जब हम जापान, जर्मनी या दुनिया के अन्य हिस्सों से आए फिल्म निर्माता-निर्देशक के साथ काम करते हैं। भारत आज ऐसे इवेंट को आयोजित कर रहा है, जिसमें दुनिया भर के लोग जुट रहे हैं। इससे फिल्म इंडस्ट्री, लोकल एक्टर्स, थिएटर कलाकारों को आगे बढ़ने का नया और बड़ा मंच मिल रहा है। अनुपम खेर ने उद्योगपति नीता अंबानी और मुकेश अंबानी के जियो सेंटर की भी तारीफ की।

# आईपीएल 2025: रोमांचक मुकाबले में आरसीबी ने सीएसके को 2 रन से हराया



एजेंसी

**सिंगापुर :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 52वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 2 रन की रोमांचक जीत हासिल की। आरसीबी की टीम 16 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई है। यह बेंगलुरु की लगातार चौथी जीत है। जबकि प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी चेन्नई ने लगातार चौथा मैच गंवाया। बेंगलुरु ने उसे इस सीजन के दोनों मैच में हराया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 213 रन का स्कोर खड़ा किया। आरसीबी के लिए विराट कोहली और जैकब बैथल ने शानदार शुरूआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 9.5 ओवर में 97 रन का साझेदारी की। यह जोड़ी बैथन (53 रन) के आउट होने से टूटी। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल (17 रन), कप्तान रजत पाटीदार (11 रन) और जीतेश शर्मा (7 रन) के विकेट जल्दी गिरे। लेकिन दूसरे छोर पर कोहली खेलते रहे और इस आईपीएल सीजन का सातवां अर्धशतक लगाया। हालांकि वो अपनी पारी को ज्यादा दूर नहीं ले जा सके और 62 रन के निजी योग पर आउट हुए। आखिर में रोमारियो शेफर्ड की 14 गेंदों में नाबाद 53 रन की धमाकेदार पारी ने टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया। टिम डेविड 2 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई की ओर से मथीशा पथिराना ने तीन विकेट चटकाए, जबकि नूर अहमद और सैम करन को एक-एक सफलता मिली। वहीं, 214 रन का पीछा करने उतरी चेन्नई की टीम भी रफ्तार की गाड़ी पर सवार रही। टीम को ओपनर आयुष म्हात्रे और शेक राशिद ने तेजी से रन बनाते हुए 4.3 ओवर में टीम का स्कोर 51 तक पहुंचा दिया। हालांकि इसी स्कोर पर टीम को पहला झटका राशिद (14 रन) के तौर पर लगा। इसके बाद सैम करन भी मात्र 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। फिर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रविंद्र जडेजा ने म्हात्रे का जोरदार साथ दिया। दोनों के बीच 64 गेंदों में 114 रन की साझेदारी हुई। इस बीच म्हात्रे 94 रन बनाकर आउट हो गए। आखिर में डेवाल्ड ब्रेविस (शून्य रन), महेंद्र सिंह धोनी (12 रन) भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिके। आखिर में तीन गेंदों पर 13 रन की जरूरत थी तो शिवम दुबे बैटिंग करने आए और पहली गेंद पर 6 रन मारा, जो नो बॉल भी हुई। लेकिन अगली दो गेंदों पर कोई बाउंड्री नहीं आई और चेन्नई लक्ष्य से दो रन दूर रह गई। आरसीबी के लिए लुंगी नगिडी ने तीन बल्लेबाजो को आउट किया। जबकि क्रुणाल पांड्या और यश दयाल को एक-एक सफलता मिली।



## संजोग का शूट खत्म होते ही नेहा शर्मा ने फैंस से पूछा दिलचस्प सवाल

**मशहूर** एक्ट्रेस नेहा शर्मा इन दिनों हिमाचल प्रदेश में हैं। वह मनाली में अपनी अपकमिंग पंजाबी फिल्म संजोग का शेड्यूल पूरा कर चुकी हैं। वह पहाड़ों की खूबसूरत वादियों का लुत्फ उठा रही हैं और सोशल मीडिया पर जमकर फोटोज शेयर कर रही हैं। इस कड़ी में उन्होंने एक बार फिर अपने हिमाचल ट्रिप की तस्वीरें शेयर की और फैंस से दिलचस्प सवाल पूछा। उनका यह पोस्ट अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। नेहा ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की, जिसमें शूटिंग के दौरान के मजेदार बीटीएस पल, बर्फ से ढके पहाड़ों की खूबसूरत वादियां और उनके होटल रूम से दिखने वाला शानदार नजारा शामिल है। वह फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद पूरी टीम के साथ जश्न मनाती भी नजर आईं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- आप किस टीम के साथ हैं, पहाड़ों में खाई जाने वाली मैगी या गरमा-गरम चाय? संजोग एक पंजाबी फिल्म है। इसमें जस्सी गिल और हैप्पी रायकोटी जैसे शानदार कलाकार लीड रोल में हैं। फिल्म का निर्देशन हरीश गार्गी ने किया है। एक्ट्रेस की यह पहली पंजाबी फिल्म नहीं है, इससे पहले वह गिप्पी ग्रेवाल की एक्शन थ्रिलर फिल्म इक संधू हुंदा सी में नजर आ चुकी हैं। इस फिल्म का निर्देशन राकेश मेहता ने किया। नेहा एक्ट्रेस बनने से पहले फैशन डिजाइनर बनने का ख्वाब देखती थीं, इसके लिए उन्होंने कुछ समय तक फैशन इंडस्ट्री में काम भी किया, लेकिन इस दौरान उनका झुकाव फिल्मों की तरफ बढ़ गया और उन्होंने एक्टिंग में करियर बनाने का फैसला किया।

नेहा ने साल 2007 में साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी के बेटे राम चरण की तेलुगू फिल्म चिरुथा में काम किया। इसके बाद साल 2010 में उन्होंने इमरान हाशमी की फिल्म क्रूक से बॉलीवुड में डेब्यू किया और लोगों ने उनके काम को काफी सराहा। इसके बाद, उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह क्या सुपर कूल हैं, यमला पगला दीवाना 2, तुम बिन 2, मुबारकन, यंगिस्तान, तानाजी जैसी कई फिल्मों में नजर आईं।

उपायुक्त ने बोरियो प्रखंड में विकास योजनाओं का लिया जायजा, कहा-

# सभी योजनाएं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने बोरियो प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में चल रही विकास योजनाओं एवं निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी योजनाएं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं। निरीक्षण की शुरूआत झारक्राफ्ट प्रदर्शनी के लिए बनाए जा रहे भवन से हुई, जहां उपायुक्त ने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और उपस्थित अभियंताओं से निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह भवन स्थानीय कारीगरों को एक मंच प्रदान करेगा। जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।इसके बाद उपायुक्त ने लोहण्डा स्थित 500 एमटी कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि



यह कोल्ड स्टोरेज किसानों के लिए वरदान साबित होगा।जिससे वे अपनी उपज को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकेंगे और बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकेंगे।उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुर्गा टोला में अतिरिक्त दो कक्षों के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि है। उन्होंने कार्य में गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी।इसके अतिरिक्त पहाड़पुर में प्रस्तावित प्रोकुलेशन टैंक और विद्यालय के लिए भूमि निरीक्षण किया गया।जहां उपायुक्त ने ग्रामीणों से संवाद भी किया और उनकी जरूरतों को समझा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान हेतु पूरी तरह तत्पर है। उन्होंने चतरा नाल चेक डैम निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। जो जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण परियोजना है। साथ ही, तेलो पंचायत के छोटा बरमसिया, दुर्गा टोला पंचायत के आसनबोना तथा खैरवा पंचायत के रामपुर बासजोरी में तालाब निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया गया।उपायुक्त ने कहा कि ये जल संसाधन परियोजनाएं न केवल सिंचाई सुविधा को बेहतर बनाएंगी बल्कि जल संकट से जूझ रहे गांवों के लिए राहत का काम करेंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जाए।निरीक्षण के दौरान जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, भुमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, उपस्थित थे।

## स्थानीय ग्रामीणों ने दो संदिग्ध युवकों को बनाया बंधक

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के महादेवगंज सोलबंधा गांव में चोरी करने के आरोप में स्थानीय ग्रामीणों ने दो संदिग्ध युवकों को बंधक बना लिया और उन दोनों की जमकर पिटाई कर दी उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल युवकों को जिरवाबाड़ी पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर शनिवार को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंची जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर उसे भर्ती कर लिया। कुछ घंटे इलाज करने के बाद दोनों संदिग्ध युवकों को कैदी वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। जहां दोनों युवकों की अब तक सही पहचान नहीं हो पाई है। उधर दोनों ही संदिग्ध युवक किसी अलग ही भाषा में बातचीत कर रहे हैं। जहां उन लोगों की भाषा कोई भी समझ नहीं पा रहा है। उधर जिरवाबाड़ी पुलिस दोनों संदिग्ध युवकों की पहचान करने में जुटी हुई है।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए शहीद सरदार भगवत राउत

मेट्रो रेज

**दुमका :** जिला परिषद् के भूतपूर्व सदस्य शहीद सरदार भागवत राउत की 9वीं पुण्यतिथि पर शहीद सरदार भागवत राउत विचार मंच एवं पटेल सेवा संघ, दुमका के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सर्वप्रथम गायत्री मंदिर प्रांगण भागवत नगर,महुवा डंगाल तत्पश्चात सरदार वल्लभभाई पटेल पटेल चौक दुमका में श्रद्धासुमन अर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। । कार्यक्रम की अध्यक्षता शहीद सरदार भागवत राउत विचार मंच, दुमका संदीप कुमार जय बमबम ने किया । श्रद्धांजलि सभा में स्व. भागवत राउत की धर्मपत्नी- सह -

जिला परिषद सदस्य चिंता देवी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अमिता रक्षित,अशोक कुमार राउत (अध्यक्ष पटेल सेवा संघ दुमका), राधे श्याम वर्मा( अध्यक्ष सिविल सोसायटी दुमका), उपाध्यक्ष प्रेम केशरी,राजेश राउत उपाध्यक्ष पटेल सेवा संघ-सह-अध्यक्ष जय माता दी सेवा समिति, प्रोफेसर विनय प्रसाद सिंह,विजय




राउत, जगदेव राउत, बिनोद राउत, विजय दास, पंतगिरी,पिंकू मंडल, रवि मंडल,बलराम शाह, योग शिक्षक संतोष गोस्वामी, पंकज राउत, महेश मंडल, महेंद्र साह, राजेश यादव, अशोक राउत, रोहित तिवारी,अकाल साहा, अभीषेक साहा,बालमुकुंद राउत, कुलदीप महतो, राजेश राउत, भूतनाथ मिस्त्री,रामू रजक,राहुल राउत,रजनीकांत राउत,अनुज राउत, रविकांत राउत, कुन्दन कुमार,ऋषभ सिंह, ,रितेश गुप्ता, प्रीत कुमार राउत, ई०अजित दास, ई अभिषेक झा,दिव्यांशु सुमन, रोहित यादव, सुभाष राउत,धीरज पांडे,छोटू मल्लाह, प्रदीप पाल, दीपक कुमार, अभिजीत साह, शशि कुमार, मनोज साह,राधिका कुमारी,अवनी भागवत,अक्षत कुमार राउत सहित दर्जनों बच्चे एवं स्व०भागवत राउत के चाहने वाले उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। पटेल सेवा संघ दुमका के अध्यक्ष अशोक कुमार राउत, सिविल सोसायटी दुमका के उपाध्यक्ष प्रेम केशरी, अमिता रक्षित आदि ने मौके पर शहीद सरदार भागवत राउत के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला और सबों ने एक स्वर में कहा कि जिस प्रकार से भागवत राउत जी गरीब असहाय लोगों के मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे. उसी प्रकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सहायता करें यही सच्ची श्रद्धांजलि उनके प्रति होगी।धन्यवाद ज्ञापन पटेल सेवा संघ के सचिव संदीप कुमार जय बमबम ने किया ।

## अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई दो ट्रैक्टर और जेसीबी जब्त

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर क्षेत्र में इन दिनों गंगा किनारे से अवैध रूप से मिट्टी उत्खनन किए जाने का मामला लगातार सामने आ रहा है। इसी कड़ी में अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ जयंत कुमार तिवारी और थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज की संयुक्त टीम ने दक्षिण पलाश गाछी स्थित गंगा नदी के किनारे छापेमारी कर अवैध खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीडीओ जयंत कुमार तिवारी को लगातार दक्षिण पलाश गाछी गंगा घाट क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी खनन की शिकायतें मिल रही थीं। उपायुक्त के सख्त निदेशों के बाद बीडीओ ने थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज के साथ मिलकर एक टीम गठित की और औचक निरीक्षण किया। इस दौरान, गंगा किनारे अवैध



रूप से खनन करते हुए दो मिट्टी लदे ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन रंगे हाथों पकड़ी गई। मामले को लेकर अंचलाधिकारी जयंत तिवारी के बयान पर ट्रैक्टर चालक और मालिक के विरुद्ध कांड संख्या 153/25 दर्ज किया गया है। बीडीओ जयंत कुमार तिवारी ने बताया कि उपायुक्त के स्पष्ट निर्देश हैं कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब्त किए गए तीनों वाहनों को विधिवत जब्त कर लिया गया है और अब आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी और जिला परिवहन पदाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आगे भी अवैध खनन के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस प्रशासन अवैध खनन को रोकने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। और इस दिशा में हर संभव कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि यदि उन्हें कहीं भी अवैध खनन की जानकारी मिलती है तो वे तुरंत प्रशासन को सूचित करें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## अहीर धाम की पवित्र माटी की कलशयात्रा का जामा चौक पर हुआ भव्य स्वागत

मेट्रो रेज

**जामा :** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वावधान में अहीर रेजिमेंट, जातिगत जनगणना व समाज में राजनैतिक जागरूकता के उद्देश्य से अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा रेजांगला युद्ध 1962 में शहीद 114 सैनिकों की समाधि अहीर धाम लद्दाख की पवित्र माटी की कलशयात्रा बिहार राज्य में भ्रमण के पश्चात दुमका जिला में भव्य स्वागत किया गया। शुक्रवार को प्रदेश महासचिव सह संताल परगना प्रभारी डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव व जिलाध्यक्ष शिवनारायण दर्बे के नेतृत्व में कलश यात्रा जामा



चौक पहुंचा। जहाँ पर जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के अध्यक्षता में स्वागत, दर्शन एवं शहीदों को श्रद्धांजलि दिया गया। तत्पश्चात यह कलश यात्रा मसलिया प्रखंड के लिए रवाना हो गई जहाँ पर कुसुमघाटा में कार्यक्रम होगा। इस अभियान को ऐतिहासिक व जन जन तक पहुँचाने में समाज के लोग प्रयत्नशील हैं। कार्यक्रम मुख्य रूप से महासभा के जिला संरक्षक दिवाकर महतो कोषाध्यक्ष बिहारी यादव, गौतम दर्बे, प्रमोद पंडित, युवा जिलाध्यक्ष ललित यादव, अंजनी खिरहर, लक्ष्मी यादव, लंबोदर यादव, सुजीत यादव, उमाशंकर यादव, विजय कापरी, बुलेश यादव, प्रदीप दर्वे, धनंजय यादव, रामप्रसाद महतो, सुभाष यादव, प्रफुल्ल मांझी, संजीत राणा, ठाकुर यादव, प्रेम यादव, सुशील यादव, शालिग्राम राउत, रोहित राउत, विनोद राउत, शत्रुघ्न मंडल, मुकेश राउत शाहिद सैकड़ो लोग मौजूद थे। कलश यात्रा टीम में किरण यादव हैदराबाद राष्ट्रीय सह संयोजक , अर्जुन यादव उत्तर प्रदेश मीडिया सेल, अभिषेक यादव उत्तर प्रदेश न्यूज एंकर, अजय यादव उत्तर प्रदेश चालक साथ चल रहे हैं।

## अवैध बालू के खिलाफ डीटीओ की छापेमारी, चार ट्रैक्टर जब्त

**साहिबगंज/उधवा :** जिला परिवहन पदाधिकारी डीटीओ मिथिलेश कुमार चौधरी ने राधानगर थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों में छापेमारी कर बालू लदा चार ट्रैक्टर को जब्त किया है। जब्त किए गए सभी ट्रैक्टर को आगे की कार्रवाई के लिए राधानगर थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार डीटीओ मिथिलेश कुमार चौधरी को पिछले कुछ समय से राधानगर थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध बालू परिवहन की गुप्त सूचनाएं मिल रही थीं। इन सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए डीटीओ ने शनिवार की सुबह एक विशेष टीम का गठन किया और अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापेमारी की योजना बनाई। कार्रवाई के दौरान, डीटीओ की टीम ने पहला ट्रैक्टर आलम पेट्रोल पंप के पास से पकड़ा जो बालू से लदा हुआ था और बिना किसी वैध कागजात के सड़क पर चल रहा था। इसके बाद, टीम ने मोहनपुर इलाके में छापेमारी की और वहां से भी एक अन्य बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया। बाबू टोला क्षेत्र में भी डीटीओ की टीम को सफलता मिली और एक और अवैध बालू से भरा ट्रैक्टर उनके हत्थे चढ़ गया। चौंकाने वाली बात यह है। कि चौथा ट्रैक्टर राधानगर थाना के ठीक सामने से पकड़ा गया। जिससे यह स्पष्ट होता है।कि अवैध परिवहन करने वालों में कानून का कोई डर नहीं है।गौरतलब है कि उधवा क्षेत्र में अवैध बालू परिवहन को लेकर इससे पहले भी डीटीओ और जिला खनन पदाधिकारी डीएमओ की संयुक्त टीमों ने कई बार छापेमारी की है।

## बंद घर में हुई चोरी

साहिबगंज :जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर निवासी मो. इरशाद आलम के घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित इरशाद ने जिरवाबाडी थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया है। इरशाद ने आवेदन में बताया कि बुधवार की देर रात लगभग 12 बजे के चोरों ने उसके घर में घुसकर चोरों ने वाशिंग मशीन,बक्शा में रखा कीमती सामान,पंखा, आयरन सहित अन्य सामान की चोरी कर ली जिसकी कीमत लगभग 60 से 70 होगा। बताया कि अंजुमन नगर में दो जगह पर मकान है एक मकान भाड़ा में दिया हुआ था। वहां पर चार लोग रहते थे वह लोग भी काम करने के लिए बाहर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया।

## एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का सफल आयोजन 87 अभ्यर्थियों का चयन

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग, झारखण्ड राँची के तत्वावधान में सिद्धो-कान्हू सभागार साहिबगंज में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर, साहिबगंज द्वारा किया गया।

आईटी रोजगार मेले में कुल 15 प्रतिष्ठित निजी कंपनियों ने भाग लिया जिनमें से 8 कंपनियाँ साहेबगंज जिले से संबंधित थीं। मेले में आईटी मैनेजर, सेल्स



स्टाफ ओटी असिस्टेंट कंप्यूटर ट्रेनर, इलेक्ट्रिशियन ट्रेनर असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन ट्रेनर, जीडीए ट्रेनर, कंप्यूटर ऑपरेटर केंद्र प्रबंधक पंचायत पर्यवेक्षक, हाउसकीपिंग स्टाफ मशीन ऑपरेटर हेल्पर सहित अनेक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया संपन्न हुई। इन पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता में 10वीं, 12वीं, स्नातक ओटी में डिप्लोमा आईटीआई इलेक्ट्रॉनिक्स डिप्लोमा, एडीसीए जीएनएम, एएन एम और बीएससी नर्सिंग जैसी योग्यताएँ शामिल थीं। इस दौरान कुल 820 रिक्तियों पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे।जिसमें से 87 अभ्यर्थियों का चयन तथा 192 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया।इसके अलावा जिले के विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा 107 अभ्यर्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे वे सरकारी लाभों से लाभान्वित हो सकें। जिला उपायुक्त हेमंत सती ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य वर्ष 2025-26 में लगभग 7000 युवाओं को रोजगार से जोड़ने का है। जून 2025 से फरवरी 2026 के बीच यह लक्ष्य प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन कौशल विकास प्रशिक्षण को प्राथमिकता देगा और युवाओं को हुनरमंद बनाएगा। उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने भी अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए नियमित रूप से रोजगार मेलों का आयोजन करता रहेगा ताकि जिले के युवा आत्मनिर्भर बन सकें।

## न्यूज IN ब्रीफ

### थाना दिवस का आयोजन, दो दर्जनों से लोग पहुंचे

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना परिसर में जमीनी विवाद के मामले के निपटारा के लिए शनिवार को सदर सीओ बासुकीनाथ टुडू के नेतृत्व में थाना का आयोजन किया गया। थाना दिवस में विभिन्न क्षेत्रों से दो दर्जनों लोगों ने अपने जमीन के मामले को लेकर पहुंचे । जहां थाना के मौजूद सी ओ एवं पुलिस पदाधिकारी ने दोनों पक्ष विपक्ष का आवेदन और जरूरी कागजात की अवलोकन किया और दोनों पक्षों की राजा मंदी से जमीनी विवाद के मामले का निपटारा किया। बताया गया की तीन मामले का निपटारा हुआ है बाकी अन्य को अगले थाना दिवस में बुलाया गया है।

### डे बोर्डिंग एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, सकरीगली के लिए सैकड़ों छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**साहिबगंज:** पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार और जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा जिले में संचालित डे बोर्डिंग बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र सकरीगली के खिलाड़ियों के लिए सकरीगली में 3 मई को प्रात: 6:00 बजे से एनएसटीसी विधि द्वारा चयन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन ऊंचाई, वजन मेडिसिन बॉल थ्रो,वर्टिकल जंप,10 गुणा 6 शटल रन 30 मीटर,800 मीटर स्पर्धा व स्पेसिफिक स्पर्धा का टेस्ट लिया गया । चयन पर जिला ओलंपिक संघ के सचिव माधव चंद्र घोष, एथलेटिक्स कोच योगेश यादव,अशोक कुमार, +2बी डी उच्च विद्यालय, सकरीगली के कोच आदित्य कुमार समेत प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षुओं का सराहनीय सहयोग रहा।

### ई रिक्शा के धक्के से महिला घायल

**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन चौक के समीप ई रिक्शा के धक्के से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयीं। मोबाइल टाइगर के जवान ने घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। घायल महिला निरा पहाड़ की मुंशी हेंब्रम 33 वर्षीय हैं। घायल महिला ने बताया कि हम पैदल सब्जी मार्केट के तरफ जा रही थी।वही विपरीत दिशा से रेलवे स्टेशन चौक के समीप तेज रफ्तार में आ रहे ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला के कमर एवं सर में गंभीर चोट लगी है।

### खाटू वाले श्याम की दूसरी वर्षगांठ धूमधाम से संपन्न



**साहिबगंज :** भारतीय कॉलोनी के पुरुषोत्तम गली में खाटू वाले श्याम का शीश स्थापना दिवस दूसरा वर्षगांठ पूजा अर्चना के साथ मनाया जा रहा है। व्यवस्थापक वही मारवाड़ी समाज के पुरोहित द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ खाटू वाले श्याम का दूसरा वर्षगांठ मनाया जा रहा है। मंत्र उच्चारण करते हुए मुख पुरोहित महेंद्र शर्मा व मंदिर के पुजारी सोनू पांडे द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ कार्यक्रम की जारी है। वही पूजा का अध्यक्ष रवि भगत आशीष अग्रवाल उपाध्यक्ष अंकित केजरीवाल सचिव अंकित सरफरा संयुक्त सचिव संयोजक सोनू अग्रवाल संयोजक सुरेश पांडे सोनू अग्रवाल वही पूजा के मुख्य जजमान विनोद तंबाकू वाला रवि पोद्दार रवि भगत संस्था के अध्यक्ष रविवभगत द्वारा आज का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।

### विधायक के निर्देश पर जिला अध्यक्ष बरकत खान ने लगाया जनता दरबार



**साहिबगंज/बरहरवा:** प्रखंड स्थित विधायक कक्ष में शनिवार को विधायक निसात आलम के निर्देश पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने जनता दरबार के माध्यम प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सातगाछी,पलासबोना,दरियापुर, मधुआपाड़ा पंचायत के विभिन्न ग्रामों व बरहरवा नगर पंचायत के हाटपाड़ा रेलवे मुशहरी,हरिजन टोला से पधारे आम लोगों की समस्याओं से अवगत होकर क्रमवार निदान करवाया।विधायक कक्ष में लोगों ने प्रधानमंत्री आवास से संबंधित,अबुवा आवास से संबंधित,अंचल से संबंधित मैया सम्मान योजना से संबंधित,पेंशन स्वीकृत न होने से संबंधित,कन्यादान योजना से संबंधित अपनी-अपनी समस्याओं को रखा।प्राप्त शिकायत पर विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने संज्ञान लेते हुए संबंधित पदाधिकारी से वातार्लाप कर जल्द निष्पादन हेतु कार्रवाई करने की बात कही।मौके पर ज़िला महासचिव मिथुन मण्डल,धर्मेन्द्र साह आलमगीर आफताब आलम सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

पांच मई से विधायक धनंजय सोरेन का बोरियो पंचायत दौरा कार्यक्रम

### बोरियो प्रखण्ड के सभी पंचायतों को और मजबूत करने निर्देश



**साहिबगंज/बोरियो:** झामुमो प्रखण्ड कमेटी की बैठक मोरंग नदी के समीप हुई।बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष जेठा मरांडी ने किया।वही सभी 17 पंचायतों से अध्यक्ष सचिव व कोषाध्यक्ष शामिल हुए।सभी पंचायत अध्यक्ष सचिव एवं पूरी कमेटी को निर्देश दिया गया कि अपने अपने पंचायतों की मूलभूत समस्याओं को समाधान करने के लिए पहल करें।वही बोरियो विधायक धनंजय सोरेन का 5 मई से पंचायत का दौरा सुनिश्चित किया गया है।जिसके लिए पंचायत कमेटी को दिशा निर्देश दिये गए।मौके पर प्रखण्ड सचिव गफ्फार अंसारी,पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य स्टीफन मुर्मू,प्रखण्ड उपाध्यक्ष मंडल मरांडी,कोषाध्यक्ष निताय मंडल,बाबूलाल हेम्ब्रम,रिजवान अंसारी,उप मुखिया फैयाज अंसारी,उप मुखिया कौसर अंसारी,अर्जुन रजक,मो मुमताज अंसारी,शकील अहमद,मो एजाज अंसारी,बाजी मुर्मू,सुरेश मरांडी,मानवेल बेसरा,पल्लवी मरांडी,जॉर्ज मरांडी,मंजूर आलम,अलमगीर आलम,नजीर अंसारी समेत अन्य मौजूद रहे।

### 44 दिवसीय बाल श्रम उन्मूलन के तहत उच्च विद्यालय कुश्चिरा, गोपीकांदर में चलाया गया जागरूकता अभियान

**दुमका:** जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी दुमका के आदेशानुसार शनिवार को जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि एवं लोक कल्याण सेवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में जिले के उच्च विद्यालय कुश्चिरा, गोपीकांदर में शिक्षक एवं बच्चों के बीच 44 दिवसीय बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत सभी को जागरूक किया गया। साथ ही विद्यायल के बच्चों द्वारा शपथ लिया गया कि हमसब विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करेंगे, कोई भी बच्चा बाल श्रम नहीं करेंगे। जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि निक्कू कुमार साह ने कहा कि 14 वर्ष से न्यून आयु के बच्चों से बाल श्रम कराना कानूनी अपराध है। साथ ही उन्होंने ₹श्रम नहीं शिक्षा₹ का संदेश गर्जन के साथ बच्चों को दिया और सभी बच्चें ने प्रत्युत्तर में बाल श्रम नहीं करने की शपथ ली। उच्च विद्यालय कुश्चिरा, गोपीकांदर के प्रधानाध्यापक मथियास मुर्मू ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से कहा कि विद्यालय में निरंतरता बनाये रखें।साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में कोई भी बच्चे बाल श्रम में संलिप्त व छिजित नहीं है। लोक कल्याण सेवा केंद्र के अनिल कुमार साह ने अपने संबोधन में कहा कि अगर कोई बच्चे बाल श्रम करते हुए पाये जाते हैं तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन के नि:शुल्क नम्बर 1098 में दें।

# श्रीबदरीनाथ धाम के कपाट खुले, मुख्यमंत्री सहित 15 हजार से अधिक श्रद्धालु बने साक्षी

• मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तीर्थयात्रियों को दिया चारधाम यात्रा के लिए आमंत्रण

एजेंसी



**बदरीनाथ धाम :** विश्व प्रसिद्ध श्रीबदरीनाथ धाम के कपाट रविवार सुबह सेना की गढ़वाल स्काउट रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच बैशाख मास शुक्ल पक्ष सप्तमी,पुष्य नक्षत्र में श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलते ही धाम जय बदरीविशाल के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा हुई। इस अवसर पर बदरीनाथ मंदिर को 40 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट खुलने एवं अखंड ज्योति दर्शन के साक्षी रहे। कपाट खुलने की प्रक्रिया के अंतर्गत रविवार प्रातः साढे चार बजे श्री कुबेर जी ने बामणी गांव से चल कर दक्षिण द्वार से श्रीबदरीनाथ मंदिर परिसर में प्रवेश किया। पांच बजे रावल अमरनाथ नंबूदरी, वेदपाठियों, हक-हकूकधारियों डिमरी पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्यों ने मंदिर परिसर में प्रवेश किया औ? द्वार पूजा में सम्मिलित हुए। ठीक साढ़े पांच बजे से द्वार पूजा शुरू हो गई और ठीक छः बजे बदरीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ खोल दिये गये। इससे पहले माता लक्ष्मी ने बदरीनाथ मंदिर से अपने मंदिर परिक्रमा स्थित मंदिर में प्रवेश किया और श्रीउद्धव जी श्रीकुबेर जी, श्रीगरूड़ जी श्रीबदरीनाथ मंदिर गर्भ गृह में विराजमान हो गये। इसके पश्चात भगवान बदरीविशाल को ओढाया गया और घृत कंबल को अलग किया गया । इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान बदरीविशाल के निर्वाण दर्शन किए। कुछ देर में 10 बजे भगवान बदरीविशाल का अभिषेक शुरू हो जायेगा। बीकेटीसी की प्रदेश सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से भगवान बदरीविशाल की प्रथम महाभिषेक पूजा की जाएगी। विगत रविवार को श्रीगरूड़ जी, उद्धव जी, श्रीकुबेर जी और आदिगुरु शंकराचार्य जी की गद्दी सहित गाडू घड़ा तेल कलश श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गया था। दानीदाता श्रद्धालुओं ने और सेना, आईटीबीपी ने भंडारे आयोजित किए हैं। सीमांत गांव माणा और बामणी की महिलाओं ने परंपरागत भक्तिमय नृत्य संगीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर भजनों का भी आयोजन हुआ। आसमान से हैलीकॉप्टर से मंदिर परिसर और श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई। मंदिर सिंह द्वार पर वेदवेदांग संस्कृत विद्यालय जोशीमठ के छात्रों ने स्वास्तिवाचन किया। इससे पहले 30 अप्रैल को यमुनोत्री, गंगोत्री धाम और 02 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुल चुके हैं। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी देश विदेश के तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए चारधाम यात्रा पर आने का भी आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड चारधाम यात्रा इस वर्ष नये कीर्तिमान स्थापित करेगी। तीर्थयात्रियों को यात्री सुविधाओं के लिए हर संभव कदम उठाये गए हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश और देश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण कराए हैं। यह आंकड़ा 25 लाख के करीब है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) नवनियुक्त अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने पर सभी तीर्थयात्रियों से कहा कि प्रदेश सरकार तीर्थयात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। मंदिर समिति तीर्थयात्रियों के हित में बेहतर प्रबंधन करेगी। बीकेटीसी के नव नियुक्त उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती और नवनियुक्त उपाध्यक्ष विजय कपरवाण ने भी बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी है। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने तीर्थयात्रियों को सरल- सुगम दर्शन करने के लिए मंदिर समिति के लिए पर्यटन विभाग को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पंजीकरण की जांच एवं टोकन सिस्टम पर जोर दिया है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि आज ही बदरीनाथ धाम मंदिर परिक्रमा स्थित सभी मंदिरों माता लक्ष्मी गणेश जी, घंटाकर्ण जी, आदि केदारेश्वर श्रीशंकराचार्य मंदिर सहित माता मूर्ति मंदिर माणा, भविष्य बदरी मंदिर सुभाई के कपाट भी खुल गए हैं। पुजारी हनुमान प्रसाद डिमरी ने माता मूर्ति मंदिर माणा तथा पुजारी संजय डिमरी ने भविष्य बदरी मंदिर सुभाई तपोवन के कपाट खोले। इस अवसर पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के भाई पंकज मोदी, स्वामी सविदानंद,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष/राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट , जिलाधिकारी संदीप तिवारी, बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल पूर्व रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, राजपुरोहित कांता प्रसाद नौटियाल पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल वेदपाठी रविंद्र भट्ट,बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला,वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद अध्यक्ष रामचंद्र गौड़ एवं बीकेटीसी नवनियुक्त उपाध्यक्ष विजय कपरवाण,दायित्वधारी बलबीर घुनियाल , ठाकुर भवानी प्रताप सिंह,सहित बीकेटीसी पूर्व उपाध्यक्ष किशोर पंवार,सचिव हरिश चंद्र सेमवाल , पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, उपजिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ डिमरी पंचायत उपाध्यक्ष भास्कर डिमरी, पूर्व सदस्य वीरेंद्र असवाल,हरीश डिमरी ,कृपाराम सेमवाल,श्री बदरीनाथ धाम प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नायब रावल सूर्यराग नंबूदरी,बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़,ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित थाना प्रभारी नवनीत उनियाल प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट, आदि मौजूद रहे।

चुनाव आयोग जल्द लॉन्च करेगा 'ईसीआईनेट', 40 ऐप्स होंगे समाहित

# आगामी बिहार चुनाव के पहले किया जा सकता है लॉन्च

इसमें सीविज़िल ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट जैसे ऐप्स हैं शामिल

एजेंसी



**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग (ईसीआई) एक नई डिजिटल पहल के तहत 'ईसीआईनेट' नामक एक सिंगल-पॉइंट प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की तैयारी में है, जो 40 से अधिक मौजूदा वेब और मोबाइल आधारित आईटी ऐप्स को समाहित करेगा। इसमें सीविज़िल ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप जैसी ऐप्स शामिल हैं। इस कदम का उद्देश्य नागरिकों, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और नागरिक समाज के लिए एक सुगम, एकीकृत और उपयोगकर्ता-अनुकूल अनुभव प्रदान करना है। संभावना है कि इसे आने वाले बिहार चुनाव के पहले ही लॉन्च कर दिया जाएगा। ईसीआईनेट को चुनाव संबंधी सभी सेवाओं के लिए एकमात्र सहयोगी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे उपयोगकताओं को कई ऐप डाउनलोड करने और विभिन्न लॉगिन याद रखने की आवश्यकता नहीं होगी। चुनाव आयोग का कहना है कि प्लेटफॉर्म मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की परिकल्पना है। उन्होंने इसे मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओज) के सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया था। चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। ईसीआईनेट के माध्यम से नागरिक अपने स्मार्टफोन या डेस्कटॉप से चुनावी जानकारी तक सरलता से पहुंच सकेंगे। डेटा केवल अधिकृत ईसीआई अधिकारियों द्वारा दर्ज किया जाएगा, जिससे इसकी प्रामाणिकता सुनिश्चित होगी। किसी विवाद की स्थिति में विधिक फॉर्मों में दर्ज प्राथमिक डेटा ही मान्य माना जाएगा। यह प्लेटफॉर्म 100 करोड़ से अधिक मतदाताओं और 10.5 लाख से अधिक बीएलओ, 15 लाख बीएलए, 45 लाख पोलिंग ऑफि शियल्स, 15,597 एईआरओ, 4,123 ईआरओ और 767 डीईओ को लाभ पहुंचाएगा।

**ईसीआईनेट में समाहित किए जाने वाले 40 ऐप्स**

एफिडेविट पोर्टल, इंडिया ए वेब, रिजल्ट्स वेबसाइट, इलेक्शन24 (आर्काइव), ईसीआई एसवीईईपी, ईसीआई वेबसाइट, फेमबोसा, वॉइसनेट, मिथ वर्सेस रिएलिटी, इलेक्शन ट्रेंड्स टीवी, सीविज़िल पोर्टल, ईएमएस, आरटीआई पोर्टल, एनकोर, मीडिया वाउचर, सुविधा पोर्टल, ऑब्जर्वर पोर्टल, इलेक्शन प्लानिंग, आईईएमएस, पीपीआरटीएमएस, ईरोनेट 2.0, वोटर्स सर्विस पोर्टल, सर्विस वोटर्स पोर्टल, ईटीपीबीएमएस, एनजीएसपी, इलेक्टोरल सर्च, ईरोनेट ऐप, बीएलओ ऐप, सीविज़िल ऐप, डिसाइडर ऐप, एनकोर नोडल ऐप, ईएसएमएस ऐप, इन्वेस्टिगेटर ऐप, केवाईसी ऐप, मॉनिटर ऐप, ऑब्जर्वर ऐप, सक्षम ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप।

# बंगाल के सरकारी स्कूलों में अब सौर ऊर्जा से बनेगा मध्याह्न भोजन

एजेंसी



**कोलकाता :** सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन को बनाने के लिए प्रदूषण के कारण लकड़ी का उपयोग नहीं किया जाता है। आमतौर पर गैस चूल्हे पर खाना पकाया जाता है। इसकी लागत अधिक पड़ती है। इसे देखते हुए राज्य के सरकारी स्कूलों में सौर ऊर्जा से मध्याह्न भोजन पकाने की योजना बनाई जा रही है। दरअसल केंद्र सरकार ने ₹प्रधानमंत्री-सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना₹ की शुरूआत की है। ये योजना भारत सरकार द्वारा 2024-25 के बजट में शुरू की गई एक योजना है, जिसका उद्देश्य लगभग एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा प्रदान करना और छत पर सौर संयंत्र परियोजनाओं के लिए 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करके उन्हें हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करना है।राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार की इस परियोजना पर काम किया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने लगभग 3,500 स्कूलों में सौर पैनल स्थापित करने की योजना बनाई है। स्कूल का कहना है कि ई-ग्रीन कुकिंग से मध्याह्न भोजन पर्यावरण अनुकूल तरीके से पकाया जा सकेगा। सूत्रों के अनुसार, शिक्षा विभाग ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर यह पहल की है। आने वाले दिनों में राज्य के अन्य स्कूलों में भी यह कदम उठाया जाएगा। राज्य में पहली बार सरकारी पहल के रूप में दमदम पार्क स्थित कृष्णपुर आदर्श विद्या मंदिर में सौर ऊर्जा का उपयोग कर मध्याह्न भोजन पकाने की शुरूआत की गई है। खाना पकाने के लिए इंडक्शन लगाए गए हैं। इस इंडक्शन पर भोजन आसानी से पकाया जा सकता है। जिसे ई-ग्रीन कुकिंग कहा जाता है। स्कूल प्राधिकारियों ने बताया कि पहले मध्याह्न भोजन के लिए ईंधन के रूप में लकड़ी का उपयोग किया जाता था। उसके बाद खाना पकाने वाली गैस का इस्तेमाल किया गया। दोनों ही मामलों में लागत अधिक आई बल्कि लकड़ी पर पकाने पर पर्यावरण प्रदूषण का खतरा भी था।

## अवैध शराब और चरस बरामद महिला सहित दो गिरफ्तार

**शिमला :** जिला शिमला के झाकड़ी और चिडगांव थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब और नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। इन कार्रवाइयों में महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पहली कार्रवाई शनिवार देर शाम पुलिस थाना झाखड़ी के अंतर्गत की गई जहां पुलिस टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि गांव बड़ा झाखड़ी की आशा देवी अपने मकान में अवैध शराब रखने और बेचने का कार्य करती है। सूचना के आधार पर पुलिस ने महिला के मकान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान मकान के भीतर से 48 बोतलें ऊना नंबर-1 देसी शराब बरामद की गईं, जबकि मौके पर खड़ी एक गाड़ी से भी 12 बोतलें बरामद हुईं। पुलिस ने मौके पर ही शराब को जब्त कर लिया और संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी तरह दूसरी कार्रवाई चिड़गांव थाना क्षेत्र के बडियारा गांव में हुई, जहां पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए 94 ग्राम चरस बरामद की।

# सराफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली गिरावट, चांदी में बदलाव नहीं

एजेंसी



**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज सोने की कीमत में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये से लेकर 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,550 रुपये से लेकर 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के बाद देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 2,650 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 2,470 रुपये प्रति 10 ग्राम तक टूट चुका है फिलहाल सोना 22 अप्रैल के अपने सर्वोच्च स्तर से करीब 5 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो चुका है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### पच्चीस हजार का ईनामी शेरू मुठभेड़ में गिरफ्तार, दोनों पैरो में लगी गोली,एक आरक्षी भी घायल

शाहजहांपुर : थाना चौक कोतवाली पुलिस ने रविवार को हत्या और जान लेवा हमले के मामले में वांछित पच्चीस हजार के ईनामी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के दोनों पैरो में गोली लगी है, तो वहीं मुठभेड़ में एक आरक्षी भी घायल है।पुलिस ने घायलो को राजकीय मेडकिल कॉलेज में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि आरोपित मोहल्ला अजीजगंज का रहने वाला शेरू है जो हत्या और जान लेवा हमले के एक मामले के फरार चल रहा था । पुलिस को पता चला कि शेरू बरेली मोड़ स्थित साउथ सिटी के सामने जंगल मे छिपा हुआ है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शेरू को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। इसी दौरान शेरू ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।जिसमें आरक्षी दीपेन्द्र चौधरी घायल हो गए। पुलिस को भी जबावी कार्यवाही करने पड़ी और दोनों शेरू भी दोनों पैरों में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल शेरू की हिरासत में लिया और उसे तथा घायल आरक्षी दीपेन्द्र चौधरी को फौरन राजकीय मेडकिल कॉलेज में भर्ती कराया जहां उनका उपचार चल रहा है।
गौरतलब हो कि, बीते 28 अप्रेल को शेरू का मोहल्ले के हो रहने वाले कमलेश से विवाद हो गया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### राज्य सेतु निगम ने ब्रिटिश कालीन पक्का पुल के नवनिर्माण के लिए किया भूमि पूजन

**लखनऊ :** लखनऊ में सीतापुर रोड से इमामबाड़ा मार्ग को जोड़ने वाले ब्रिटिश कालीन पक्का पुल के नवनिर्माण के लिए उप्र राज्य सेतु निगम ने भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के साथ ही राज्य सेतु निगम ने गोमती नदी के किनारे एक कार्यालय खोल दिया है। कार्यालय में कर्मचारियों की नियुक्ति हो गयी है। सोमवार से सेतु निर्माण से संबंधित इकाई पक्का पुल के निर्माण कार्य पर जोर देगी। कार्यक्रम में पहुंचें डॉ. विधायक नीरज बोरा ने कहा कि ब्रिटिश कालीन पक्का पुल के नवनिर्माण के लिए 92 करोड़ की लागत लगेगी। इसके लिए शासन ने बजट को मंजूरी दे दी है। पक्का पुल लगभग सौ वर्ष पुराना हो चुका है। इसके पुनःनिर्माण के लिए सेतु निगम ने भूमि पूजन किया है। शीघ्रता से कार्य को पूर्ण कराया जायेगा। पक्का पुल के नवनिर्माण से लाखों की आबादी को लाभ मिलेगा।

### जम्मू में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत भव्य साइकिल रैली, 450 से अधिक अधिकारियों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा

**जम्मू :** जिला युवा सेवाएं एवं खेल कार्यालय जम्मू की ओर से रविवार को फिट इंडिया मूवमेंट के तहत एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी सुख देव राज शर्मा ने किया। यह साइकिल रैली स्पोर्ट्स ऑफिस गांधी नगर से शुरू होकर ग्रीन फील्ड गांधी नगर तक संपन्न हुई। इसमें जोन गांधी नगर और जोन सतवारी के फील्ड स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिनकी निगरानी संबंधित जेडपीईओ द्वारा की गई। जम्मू जिले की शेष 11 जोनों ने भी अपने-अपने जोनल मुख्यालयों पर इस तरह की साइकिल रैली आयोजित की। इस कार्यक्रम में युवा सेवाएं एवं खेल विभाग, जम्मू जिला के 450 से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। डिप्टी एसएसओ जम्मू, जो जम्मू डिवीजन के नोडल अधिकारी भी हैं, ने रविवार के दिन इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी फील्ड स्टाफ की सराहना की और कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य फिटनेस के प्रति जागरूकता, सामाजिक बुराइयों से बचाव और नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश देना है।

### भारतीय महिलाओं का फौलादी हौसला बोलीं बंदूक दो, पाकिस्तान से निपटेंगे

**जम्मू :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाक सीमा पर तनाव गहराता जा रहा है। ऐसे माहौल में जहां आम लोग किसी भी अनहोनी की आशंका से डरे हुए हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने अदम्य साहस और हिम्मत से सबको हैरान कर रही हैं। सीमावर्ती गांवों की महिलाएं दशकों पुराने बंकरों की खुद सफाई कर रही हैं और सरकार से हथियारों की मांग कर रही हैं ताकि जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान से मुकाबला किया जा सके। इन महिलाओं ने साफ कहा हमें बंदूक दो, दुश्मन से लड़ने के लिए तैयार हैं। इन फौलादी हौसलों वाली महिलाओं को पूरा देश सलाम कर रहा है। सीमावर्ती ग्रामीणों ने भी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का संकल्प लिया है। स्थानीय लोगों ने पहले ही अपने बंकरों को दुरुस्त कर लिया है और हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### गुरेज घाटी में सन्नाटा, ढाबा मालिक बोले, हम गोली से नहीं, भूख से मरेंगे

**जम्मू :** पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद कश्मीर में सुरक्षा कारणों से 48 प्रमुख पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया गया है, जिनमें गुरेज घाटी भी शामिल है। इस फैसले से सबसे अधिक प्रभावित वे छोटे ढाबा मालिक हैं जो हर साल गर्मियों में आने वाले सैलानियों पर निर्भर रहते हैं। गुरेज-बांदीपोरा रोड पर एक ढाबा चलाने वाले 38 वर्षीय तारिक अहमद ने बताया, मैंने इस सीजन के लिए दो लाख रुपये उधार लिए थे। अब हालत यह है कि दिनभर में पचास रुपये भी कमाना मुश्किल हो गया है। गुरेज घाटी, जो हर साल लाखों सैलानियों को आकर्षित करती है, आज वीरान है। खाली कुर्सियों और ठंडे तंदूरों के बीच खड़े तारिक कहते हैं, पिछले साल इस समय तक 200 ग्राहक रोज आते थे, अब कोई नहीं आता। तारिक का दर्द सिर्फ आर्थिक नहीं, भावनात्मक भी है। मेरे घर में पांच बेटियाँ हैं। हर शाम खाली हाथ लौटना किसी भी पिता के लिए एक धीमी मौत की तरह है। ढाबा मालिकों का कहना है कि आतंकवादी हमला सिर्फ पर्यटकों पर नहीं, बल्कि लाखों कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर भी हमला था। हम घटना की निंदा करते हैं, लेकिन पर्यटकों से अपील करते हैं कि घाटी में लौटें। राजदान पास के पास ढाबा चलाने वाले शबीर लोन कहते हैं, हमने महीनों तैयारी की थी। अब सब बर्बाद हो गया। यही सीजन होता है, जब हम पूरे साल के लिए कमाई करते हैं। प्रशासन का कहना है कि घाटी को एहतियात के तौर पर बंद किया गया है, लेकिन धरातल पर इसका असर बेहद गंभीर है। छोटे ढाबा मालिकों के पास न तो कोई बीमा है, न ही आर्थिक सुरक्षा। तारिक की आंखों में आंसू छलकते हैं। वे कहते हैं, सुरक्षा जरूरी है, हम मानते हैं। लेकिन हम यहां भूख से मर रहे हैं, न कि गोलियों से। गुरेज की सड़कों पर पसरा सन्नाटा आज उस उम्मीद को दशार्ता है जो वक्त से पहले ही दम तोड़ चुकी है।

### श्रीनगर हज हाउस से पहले जत्थे की विदाई, 178 हाजियों ने भरी उड़ान

**जम्मू :** श्रीनगर के बेमिना स्थित हज हाउस में आज सुबह भावुक माहौल देखने को मिला जब जम्मू-कश्मीर के पहले हज जत्थे के 178 तीर्थयात्रियों ने मक्का की ओर अपनी रूहानी यात्रा शुरू की। विदाई के दौरान परिजनों की आंखों में आंसू और दुआओं की गूंज माहौल को और भी भावुक बना रही थी। जम्मू-कश्मीर हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी डॉ. शुजात कुरैशी ने बताया कि इस जत्थे में 96 पुरुष और 82 महिलाएं शामिल हैं, जो सभी धार्मिक मानकों के अनुसार यात्रा पर रवाना हुए। यह जत्था फ्लाइट एसजी-5304 के जरिए श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुआ। सुबह 5 से 5.30 बजे के बीच सभी हाजियों को रिपोर्टिंग के लिए बुलाया गया था। अंतिम तैयारियों के बाद उन्हें रवाना किया गया। विदाई के समय कई लोगों ने कहा, हमने पूरी जिंदगी इस पल का इंतजार किया है, बस अल्लाह हमारी हज कुबूल फरमाए। डिविजनल कमिश्नर कश्मीर विजय कुमार बिधूड़ी ने पूर्व में हज हाउस का दौरा कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। इस वर्ष जम्मू-कश्मीर से 3,600 से अधिक हाजी सरकारी कोटे के तहत हज यात्रा पर रवाना होंगे। जैसे ही बसें हज हाउस से एयरपोर्ट की ओर बढ़ीं, वातावरण में लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक की सदा गूंज उठी, जिसने पूरे माहौल को एक रूहानी एहसास से भर दिया।

### रायपुर में आज 27 सेंटर पर होगी नीट की परीक्षा

**रायपुर :** नीट 2025 की परीक्षा देशभर में आयोजन किया जाएगा। वहीं इस बार छत्तीसगढ़ केवल सरकारी संस्थानों में ही इस परीक्षा केंद्र बनाया गया हैं। जिसमें से राजधानी रायपुर में लगभग 27 सेंटर तैयार किया गया है। इन सभी सेंटर्स पर 9300 अभ्यर्थी जिले में परीक्षा देंगे। ये परीक्षा दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान सभी परीक्षार्थियों को 01:30 बजे तक एक्जाम सेंटर पहुंचना अनिवार्य कर दिया गया है।

न्यूज ब्रीफ



## हाइवा वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दपंती सहित दो मासूम बच्चे घायल

**गिद्धौर (चतरा):** हाइवा कोलवाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पति- पत्नी सहित दो मासूम बच्चे घायल हो गए। मालूम हो कि गिद्धौर के ठाकुरवाड़ी मुहल्ला के लखन दांगी के घर के समीप शनिवार के अहले सुबह हाइवा वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार पति पत्नी सहित दो मासूम बच्चे घायल हो गए। मौके से हाइवा वाहन फरार हो गया। इस दौरान पूर्व पंचायत समिति सदस्य महादेव दांगी व शिक्षक सुनील कुमार दास ने अपने वाहन से घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया।घायलों में चतरा सदर थाना क्षेत्र के जांगी रमटुण्डा के नावाडीह गांव निवासी अजय रविदास, पत्नी रीना देवी व दो मासूम बच्चे शामिल है। पति पत्नी को माथे में गंभीर चोट लगी है।जबकि मासूम बच्चे को हल्की चोट आई है। बताया गया कि अजय रविदास अपने रिश्तेदार के यहां दुआरी गांव से विवाह समारोह से बाइक से वापस घर आ रहा था। इसी बीच हाइवा वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता घटना स्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट गए।

## हज यात्रियों ने गया से सऊदी अरब के लिए भरी उड़ान



**चतरा :** स्लाम धर्मावलंबीयों का सब से पवित्र और अंतिम इस्लामी अरकान हज पर जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। हज यात्रियों का दूसरा जत्था मदीना शरीफ पहुंच चुका है। दूसरे काफिले में चतरा जिला के हंटरगंज प्रखण्ड के ग्राम

डटमी निवासी सेवा निवृत शिक्षक मो मोहिउद्दीन और ग्राम उचला बरियारचक निवासी मोहम्मद बशीर उद्दीन और इनकी पत्नी अख्तरी खातून ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बोध गया से प्रातः 8.30 बजे सऊदी अरबिया के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा जद्दा के लिए उड़ान भरा है। यह हवाई जहाज कुल 138 हज यात्रीयों को लेकर सीधे जद्दा के लिए रवाना हो गया। हज यात्रियों को छोड़ने के लिए क्षेत्र के प्रवेज आलम,इम्तियाल आलम,तनवीर आलम,जाकिर हुसैन,कलीम उद्दीन,नसरीन खातून,शबाना खातून,नाजिया खातून पिंटू गुलजार अहमद के अतिरिक्त दर्जनों पुरुष और महिला हवाई अड्डा तक पहुंचे।वहीं हज पर जाने वाले हाजियों से देश में अमन शांति की दुआ पवित्र स्थान मक्का और मदीना में करने का आग्रह किया गया।देश की सलामती,अमन शांति और भाईचारे को मजबूत करने की बात दोहराई गई।शहर मदीना शरीफ के अजीजिया होटल में हज यात्रियों को ठहराने का प्रबंध किया गया है।यह हज यात्री 16 जून को अपना वतन वापस लौटेंगे। हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों के चेहरे पर जहां खुशी झलक रही थी वहीं अपने वतन और अपने सगे संबंधियों से बिछड़ने का मलाल साफ झलक रहा था।हवाई अड्डे पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम था।वहीं हज यात्रियों के लिए हज कमिटी के लोग भी काफी चौक व चौबंद नजर आए।हाजियों को कोई परेशानी न हो इस के लिए हज कमिटी तत्परता के साथ लगी हुई थी।

## एसडीओ ऑफिस में तैनात जवान का सड़क हादसे में निधन

**चतरा:** इटखोरी थाना क्षेत्र के मोगला गांव निवासी होमगार्ड जवान आदित्य हजाम को उनके पैतृक गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। सिमरिया एसडीओ कार्यालय में तैनात आदित्य हजाम शनिवार को ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके निधन पर सिमरिया एसडीओ सन्नी राज, इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह झारखंड रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आलोक रंजन, गृह रक्षक उपेंद्र कुमार, अशोक ठाकुर, सुबोध सिंह, युगेश कुमार समेत कई जवानों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें सलामी देकर अंतिम विदाई दी।

## दो बाइक के बीच टक्कर में एक युवक की मौत

**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित कामडारा थाना क्षेत्र के गाड़ा पेट्रोल पंप के निकट दो बाइक के बीच हुई भिडंत मे बाइक चालक अरुण चीक बड़ाईक उम्र 29 वर्ष गांव मुरगा निवासी की मौत हो गई। यह घटना बीती रात आठ बजे के आसपास की है। बताया जा रहा है कि मृतक अरुण चीक बड़ाईक बुधवार की रात मे अपने बाईक से गांव गाड़ा से मुरगा की ओर जा रहा था। उसी दौरान खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर पेट्रोल पम्प के निकट विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से भिडंत हो गई। इस घटना मे अरुण चीक बड़ाईक गंभीर रुप से घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिये अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरा बाइक चालक युवक घटना के बाद तुरंत उठकर बाइक समेत फरार हो गया। इधर गुरुवार की सुबह कामडारा पुलिस ने उक्त मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया गया , जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

## पीपल के बोटे का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त , चालक फरार



**गुमला :** जिला अंतर्गत नेशनल हाईवे 23 पर भरनो थाना क्षेत्र के मलगों मोड़ के पास वन विभाग की टीम ने पीपल पेड़ के बोटा का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर को जब्त किया । प्रभारी वनपाल राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती रात लगभग 2:00 बजे नेशनल हाईवे 23 पर रात्रि गश्ती के दौरान वन विभाग की टीम को देखकर एक पीपल का बोटा लोड कर भाग रहे एक ट्रैक्टर का पीछा करने पर ट्रैक्टर को छोड़कर चालक फरार हो गया। बाद में उक्त बोटा लोड ट्रैक्टर को जब्त कर सिसई नर्सरी में सुरक्षित रखा गया है और संबंधित ट्रैक्टर मलिक , ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उक्त वन विभाग के रात्रि गश्ती में टीम में वनरक्षक शकील अहमद, रजत किरण डुंगडुंग एवं अन्य लोग शामिल थे।

# एमजीएम हादसा : मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख मुआवजे की घोषणा

- घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा
- हादसे में 3 की मौत

संवाददाता



**रांची:** कोयलांचल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम मेडिकल कॉलेज में शनिवार को बड़ा हादसा हुआ। मेडिसिन वार्ड के बी ब्लॉक के तीसरे तल्ले के कॉरिडोर की छत भरभराकर गिर गई। इसका मलबा दूसरे तल्ले की छत तोड़ते हुए पहले तल्ले तक आ गया। मेडिसिन वार्ड के बरामदे में लावारिस मरीजों का वार्ड है। मलबे में दबकर तीन मरीजों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान गदला निवासी लुकास साइमन तिर्की, साकची के डेविड जॉनसन और सरायकेला के श्रीचंद तांती के रूप में हुई है। वहीं रेणू देवी और सुनील कुमार को रेस्क्यू टीम ने निकाल लिया है। रेणु देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उपायुक्त अनन्य मित्तल दल बल के साथ अस्पताल पहुंचे। तीन सदस्यीय जांच कमेटी भी बनाई। इसमें एसडीओ, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता और एमजीएम कॉलेज के प्राचार्य शामिल है। टीम को 48 घंटे में जांच रिपोर्ट देगी। अस्पताल के अधीक्षक डॉ आरके मंधान भी मौके पर मौजूद रहे।

इस दुर्घटना को लेकर मुख्यमंत्री को शुरूआत में गलत जानकारी या यूं कहे कि उन्हे सही तथ्यों से अवगत नहीं कराया गया। ये काम अधिकारी स्तर पर हुआ या मंत्री के स्तर पर कहा नहीं जा सकता। हादसे के करीब दो घंटे बाद मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर जानकारी दी कि हादसे में सभी सुरक्षित है और फिर देर 11 बजकर 11 मिनट पर मुख्यमंत्री के एक्स अकाउंट से पोस्ट किया गया कि इस दुखःद हादसे में तीन मरीजों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री के निर्देश बाद मंत्री इरफान अंसारी रांची से जमशेदपुर पहुंचे और एमजीएम में घटनास्थल का दौरा किया।

इस हादसे ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्वास्थ्य विभाग में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। जिस वक्त जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में हादसा हुआ उस समय मंत्री इरफान अंसारी रांची में मौजूद थे और अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग ले रहे थे। यही नहीं उन कार्यक्रमों में शामिल होने को लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट भी कर रहे थे, रील्स भी बनाकर शेयर कर रहे थे। लेकिन रांची से महज डेढ़ घंटे की दूरी पर स्थिति जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल पहुंचने में उन्हे इतना वक्त लग लगा कि वो देर रात मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद करीब 11 बजे एमजीएम अस्पताल के घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे वाली जगह का दौरा कर मृतकों के आश्रितों के लिए 5-5 लाख का मुआवजा और घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की।

## सीएम नीतीश के कार्यकाल में बिहार के सर्वांगीण विकास का सपना हो रहा साकारः भारती सत्येन्द्र देव



**बख्तियारपुर (पटना):** जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता भारती सत्येन्द्र देव ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में बिहार के सर्वांगीण विकास का सपना साकार हो रहा है। राज्य के औद्योगिक विकास के प्रति मुख्यमंत्री की सक्रियता सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य में रुग्ण और बंद पड़े औद्योगिक इकाइयों को फिर से चालू करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा उठाया जा रहा कदम स्वागत योग्य है। बरौनी स्थित रिफाइनरी और उर्वरक कारखाना का जीर्णोद्धार कर फिर से शुरू करने की दिशा में मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए कदम राज्यहित में है। बरौनी खाद कारखाना और रिफाइनरी के शुरू हो जाने से एक बार फिर से युवाओं के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर सृजित होंगे। इससे एक और युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं,दूसरी तरफ उद्योग-धंधे विकसित होंगे। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा,स्वास्थ्य, बिजली, सड़क पेयजल आपूर्ति, पथ निर्माण आदि के क्षेत्र में बिहार में उल्लेखनीय उपलब्धि हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में जनहित में कई ऐसे कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारा गया है जो मील का पत्थर साबित हुई है। भारती सत्येन्द्र देव ने कहा कि पवित्र नदी गंगा के जल को घर-घर तक सुलभ कराने के उद्देश्य से उनके द्वारा की गई पहल की चहुंओर सराहना की जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा अपने गृह क्षेत्र बख्तियारपुर में उच्च शिक्षा के लिए इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज की स्थापना का निर्णय लिया जाना आने वाले पीढ़ी के प्रति उनकी दूरदर्शी सोच का परिचायक है।

कुल मिलाकर कहा जाए तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सही मायने में विकास पुरुष के नाम को चरितार्थ कर रहे हैं। उनके कार्यकाल में बिहार में विकास की बयार तेज हुई है। सामाजिक परिवर्तन को गति मिली है। समाज के नवनिर्माण और राज्य को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों की सराहना की जाती है।

बिहार में विकास को गति देने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि जनता ने उन्हें विकास पुरुष की उपाधि से नवाजा है।

## महिला के बैंक खाते से 38 हजार रूपए की अवैध निकासी

### भुक्तभोगी ने शाखा प्रबंधक और बीसी संचालक पर लगाया लापरवाही का आरोप



**चतरा:** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के मीरपुर निवासी एक महिला को कोई कॉल भी नहीं आया और न ही उसने किसी से कोई जानकारी शेयर की, बावजूद उसके एकाउंट से 5 बार में 38,000 रुपये की अवैध निकासी हो गयी। यह रकम महिला के एकाउंट से उसके द्वारा निकासी होने की जानकारी मिल रही है। इस संबंध में पीड़ित महिला मीरपुर निवासी पूनम कुमारी ने शनिवार शाम में हंटरगंज थाना पहुंची। उसने बताया कि 22 अप्रैल को उसके एकाउंट से दो बार में 9000 और 7500 रुपए की निकासी हुई। इसके बाद 26 अप्रैल को 7000 रुपया निकासी की गई। जब मुझे इसकी जानकारी हुई तो तुरंत 29 अप्रैल को अपने बैंक ऑफ इंडिया शाखा गोसाईडीह में इसकी शिकायत की। शिकायत के बाद पुनः 2 मई को मेरे एकाउंट से 10000 रुपए और 2500 रुपए की निकासी कर ली गई। जिससे मेरे एकाउंट का सारी रकम खत्म हो गई है। पूनम का आरोप है कि बैंक मैनेजर और बीसी संचालक की लापरवाही से कारण मेरे खाता से 12500 रूपए की निकासी हुई है। 29 मई को शिकायत के बाद भी बैंक कर्मी और बीसी संचालक ने इसे गम्भीरता से नहीं लिया। महिला का एकाउंट बैंक ऑफ इंडिया गोसाईडीह शाखा में है। भुक्तभोगी महिला की बहन की शादी है।जब वह बैंक गयी और स्टेटमेंट निकलवायी तो मामले की जानकारी हुई।इसके बाद शिकायत देने हंटरगंज थाना पहुंची। मामले में ठगी की रकम वापस कराने का आग्रह करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इधर इस संबंध में पूछे जाने पर बैंक मैनेजर प्रिंस कुमार ने बताया कि पैसा की निकासी हुई है उसकी जानकारी के लिए महिला ने

शिकायत की थी ना की खाता फ्रीज करने के लिए। इसलिए मैंने इस संबध में अवैध निकासी का स्टेटमेंट देने का निर्देश वरीय कर्मचारी को दे दिया हूं।अभी तक मिनी स्टेटमेंट नहीं आई है।अब ऐसे में सवाल उठता है कि यदि बैंक को 29 अप्रैल को अवैध निकासी की शिकायत की गई तो बैंक ने इसे गम्भीरता से क्यों नहीं लिया, यदि मामले को गम्भीरता से लिया जाता तो शायद भुक्तभोगी महिला का 12500 रुपया की राशि बच सकती थीं।आखिर इसका जिम्मेदार कौन है। क्या बैंक कर्मी अपने कार्य को अच्छे से निर्वहन नहीं कर रहे हैं। फिलहाल हंटरगंज थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आयुक्त अंजनी मिश्र ने अपने कार्यकाल में छोटानागपुर प्रमंडल को बनाया बेहतर और उत्कृष्ट

विनय मिश्रा



**भारतीय** प्रशासनिक सेवा 2011 बैच के आईएएस अधिकारी की बात चलने पर अंजनी कुमार मिश्र का नाम स्वतः ही जुंबा पर चला आता है। इसकी प्रमुख वजह यह है कि सरल और मृदुभाषी और सहज रूप से उपस्थित रहने वाले दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त श्री मिश्र 27 वें आयुक्त के रूप से 12 मार्च 2024 को अपना पदभार ग्रहण किया और 14 माह के कार्यकाल में इस प्रमंडल के पांच जिलों खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा व रांची जिला के बेहतर विकास गति देने के लिए इनके बेहतर और कारगर प्रयास काफी सफल रहे हैं। विकास कार्यों को धरातल पर उतारना एवं ग्रामीण व सूदूर क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित जिलों में भी बेहतर विकास गति श्री मिश्र के सार्थक पहल का परिणाम रहा है। आयुक्त का स्पष्ट मानना है कि दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में बेहतर विकास गति और योजना का समुचित लाभ ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र में रहने वालों के पास पहुंचे यही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री मिश्र इससे पूर्व भू राजस्व विभाग में भी पदस्थापित रह चुके हैं और अपने बेहतर कार्यों से अपनी सशक्त पहचान बनाई। ऐसे आईएएस अधिकारी से निश्चित तौर पर विभाग और राज्य गौरवान्वित होता है। ऐसे अधिकारी पर विभाग और राज्य दोनों को गर्व है।

### हत्याकांड का किया उद्भेदन

## प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने की पति की हत्या

संवाददाता

**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित (सिसई ) पुसो थाना प्रभारी प्रकाश तिर्की ने पुसो थाना स्थित बर्री ग्राम निवासी 25 वर्षीय प्रकाश उरांव ( पिता - मांगा उरांव ) काफी दिनों से एकाएक लापता था, परिजनों द्वारा प्रकाश उरांव के गुमशुदगी का एक मामला पुसो थाना में दर्ज कराई गई थी । जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुसो थाना पुलिस ने अनुसंधान शुरू करते हुए प्रकाश उरांव के मोबाइल का लास्ट लोकेशन ट्रेस किया और पुसो थाना पुलिस बिहार राज्य स्थित चैनपुर जिला अंतर्गत स्थित कुदरा थाना पहुंची। जहां गुमशुदा प्रकाश उरांव की पहचान मृतक प्रकाश उरांव के रूप में हुई । उसकी हत्या एक माह पहले हो चुकी थी। पुसो थाना पुलिस ने बताया की मृतक प्रकाश उरांव की पत्नी कनहो देवी और मजदूर सप्लायर मोतिम अंसारी के बीच काफी दिनों से अवैध प्रेम प्रसंग चल रहा था । इसी क्रम में बर्री ग्राम निवासी गुमशुदा युवक प्रकाश उरांव की हत्या , मृतक की पत्नी ( प्रेमिका )कनहो देवी और प्रेमी - मोतिम अंसारी ने मिलकर एक माह पूर्व बिहार में कर दी । दोनों प्रेमी - प्रेमिका उक्त घटनास्थल से फरार होकर वापस अपने गांव चले गए और अपने अपने घर चलें गए पर पकड़ाने के डर से दोनों प्रेमी - प्रेमिका गांव से बाजार जाने का बहाना बनाकर फरार हो गए । इधर पुसो थाना पुलिस उक्त दोनों हत्या के आरोपी को संभावित ठिकानों पर छापामारी कर और गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने की तैयारी में जुट गई हैं।




## गणित शिक्षक के अभाव में सिमरिया +2 उच्च विद्यालय के 1100 छात्र गणित शिक्षा से वंचित

**चतरा:** जिले के सिमरिया प्रखंड मुख्यालय से कुछ कदमों की दूरी पर स्थित राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय सिमरिया में नामांकित लगभग 1100 छात्र-छात्राएं इन दिनों गणित विषय की पढ़ाई से वंचित हैं। विद्यालय में गणित विषय के लिए पदस्थापित शिक्षक मिथिलेश कुमार द्वारा कुछ माह सेवा देने के उपरांत क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, उत्तरी छोटानागपुर, हजारीबाग से आदेश प्राप्त कर इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग में प्रतिनियोजन करा लिया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि श्री कुमार का मासिक वेतन अब भी राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय, सिमरिया से निर्गत हो रहा है, जबकि यहाँ के विद्यार्थियों को गणित की शिक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है। मजबूरन छात्रों को निजी ट्यूशन का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उनके अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि दूसरी ओर इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग की छात्राएं श्री कुमार की सेवाओं से लाभान्वित हो रही हैं और शैक्षणिक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। इससे स्पष्ट होता है कि एक विद्यालय के हित में उठाया गया कदम दूसरे विद्यालय के लिए परेशानी का सबब बन गया है।छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक गणित शिक्षक को सिमरिया विद्यालय में पुनः पदस्थापित करने की माँग कर रहे हैं, जिससे पठन-पाठन की व्यवस्था नियमित हो सके और विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय होने से बचाया जा सके। यह संपूर्ण प्रकरण 'दीपक तले अंधेरा' की कहावत को चरितार्थ करता प्रतीत होता है।

# हाथियों के झुंड को विचरण करते देख ग्रामीणों में दहशत

- हाथियों ने कई किसानों के मिट्टी के घरों को ध्वस्त कर घर में रखे अनाजों को खा लिया
- विभिन्न क्षेत्रों में गेहूं के फसलों को रौंदा
- वन विभाग से मुआवजे की मांग

संवाददाता




**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित भरनो प्रखंड के जिरहुल ग्राम के जंगल में अपने झुंड से बिछड़े तीन जंगली हाथियों का झुंड उक्त जंगल में प्रवेश करने से वन क्षेत्रों और आसपास में निवास करने वाले ग्रामीणों में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है। लोग जिला प्रशासन - स्थानीय प्रशासन और वन विभाग से समय रहते अपने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। इसी बीच भरनो प्रखंड स्थित बोड़ो टोली में एक बिगड़ैल और आक्रोर्षित जंगली हांथी ने बीते रात लगभग 2:00 बजे भरनों उत्तरी पंचायत स्थित बोडो टोली गांव निवासी भदूराम के घर को दूसरी बार क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे तीन बोरा धान एवं घरेलू सामान खा गया और बर्बाद कर दिया, भरनो प्रखंड स्थित जिरहुल ग्राम के श्री पहाड़ के चलहट्टी पर तीन हांथियों के झुण्ड देखर उक्त क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है , बताया जाता है की अमलिया पंचायत स्थित अंबाटोली ग्राम के राजेश मुंडा के मिट्टी का घर को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे पांच बोरा अनाज को चैट कर गया और घरेलू सामानों को तहस- नहस कर दिया इसके अलावा शमशेर करंज टोली ग्राम में कई किसानों के खेतों में लगे हुए गेहूं के फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया हैं, संबंधित पीड़ित किसानों ने वन विभाग को आवेदन देकर मुआवजा की गुहार लगाई गई हैं।